इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव








वर्ष- 44 | अंक - 202 | राजनांदगांव, मंगलवार 10 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


## आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एएसपी आकाश राव गिरीपुंजे शहीद, टीआई और एसडीओपी हुए घायल

रायपुर/जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने फिर आतंक मचाया है। अपनी नापाक करतूतों को अंजाम दिया है। जिले के गोलापल्ली में नक्सलियों ने एक पोकलेन मशीन में आग लगा दी। फोर्स को निशाना बनाकर और घात लगाकर आईडी ब्लास्ट किया, जिसमें एएसपी शहीद हो गए। वहीं एसडीओपी और थाना प्रभारी गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें बेहतर इलाज के लिये रायपुर भेजा गया है।

पोकलेन में आग लगाने की सूचना पर सुकमा से पुलिस टीम सर्चिंग पर रवाना हुई थी। टीम में एएसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारी समेत कई जवान शामिल थे। शहीद जवान के शव और गंभीर रुप से घायल एसडीओपी, टीआई को रायपुर लाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि माआवोदियों के महासचिव बसवराजू के साथ ही 28 नक्सलियों को जवानों ने 21 मई को मार गिराया था। इसके बाद से बौखलाए नक्सलियों ने 10 जून को भारत बंद का आह्वान करते हुए गोलापल्ली के पास एक खदान में खड़ी पोकलेन मशीन को फूंक दिया। घटना की जानकारी लगने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरीपूंजे अपने साथ एसडीओपी और थाना प्रभारी को लेकर घटनास्थल के लिए रवाना हुए थे।



नक्सली अपने पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत घात लगाकर बैठे थे। वो जानते थे कि जवान मौके पर जरूर आयेंगे। इसी बात का अंदेशा लगाते हुए नक्सलियों ने आईडी लगाकर रखा था। जैसे ही एएसपी मौके पर पहुंचे कि वो आईईडी की चपेट में आ गए। गंभीर रुप से घायल एएसपी इलाज के दौरान वीरगित को प्राप्त हो गये। बताया जाता है कि वो पैदल गस्त कर रहे थे। वहीं कोंटा एसडीओपी भानुप्रताप चंद्राकर और कोंटा थाना प्रभारी सोनल गवला को बेहतर इलाज के लिए कोंटा के अस्पताल लाया गया। इसके बाद यहां से रायपुर भेजने की सूचना है। नक्सली घटना के बाद से इलाके में सर्चिंग बढ़ा दी गई है।

42 वर्षीय कोन्टा एएसपी आकाश राव गिरपून्जे रायपुर के रहने वाले थे। वे साल 2013 बैच के सीधी भर्ती डीएसपी थे। वे वर्ष 2024 से कोन्टा

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

### बहुत ही बहादुर अधिकारी थे एएसपी आकाश राव-विजय शर्मा



प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी वीरगति को प्राप्त एसपी आकाश राव गिरिपुंजे को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे बहुत ही बहादुर अधिकारी थे। विभिन्न स्थानों पर काम करते हुए उन्हें गैलंट्री अवॉर्ड मिला था। उनका शहीद होना हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है। सर्चिंग जारी है। नक्सलियों की ये कायराना हरकत है, ऑपरेशन एक भी क्षण रुकेगा नहीं। जवानों की भुजाओं में बहुत ताकत है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



### शहीद एएसपी श्री गिरपुंजे के पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, परिवारजनों में मिलकर ढांढस बंधाया

### मुख्यमंत्री ने गृह विभाग के अधिकारियों की हाई लेवल बैठक में नक्सल घटना की जानकारी ली

### अस्पताल पहुंचकर नक्सल घटना में घायल जवानों से की मुलाकात

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के राजधानी रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनके पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के शोकसंतप्त परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री के साथ पहुंचे वनमंत्री केदार कश्यप और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ,

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका में 12 देशों के लोगों की नो एंट्री, ट्रंप का बैन लागू

वॉशिंगटन, एपी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ बढ़ती सख्ती के कारण पैदा हुए तनाव के बीच 12 देशों के नागरिकों द्वारा अमेरिका की यात्रा पर लगाया गया प्रतिबंध सोमवार को प्रभावी हो गया। ट्रंप की ओर से बुधवार को हस्ताक्षरित नया घोषणा पत्र अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन के नागरिकों पर लागू होता है। इस आदेश में बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला के उन लोगों पर भी कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिनके पास वैध वीजा नहीं है। यह नया प्रतिबंध सूची इन देशों के लोगों को पहले से जारी किए गए वीजा को रद नहीं करता।



पहले जारी किए गए वीजा पर अमेरिका में प्रवेश किया जा सकता है। कई इमिग्रेशन एक्सपर्ट का कहना है कि नया प्रतिबंध वीजा आवेदन प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करके किसी भी अदालती चुनौती को मात देने के लिए बनाया गया है। यह ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान जल्दबाजी में लिखे गए कार्यकारी आदेश की तुलना में अधिक सावधानी से तैयार किया गया प्रतीत होता है, जिसने मुख्य रूप से मुस्लिम देशों के नागरिकों को प्रवेश से वंचित कर दिया था। बुधवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में ट्रंप ने कहा कि प्रतिबंध में शामिल देशों के नागरिक आतंकवाद-संबंधी और सार्वजनिक-सुरक्षा जोखिम पैदा करते हैं, साथ ही उनके वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी रहने का जोखिम है।

## खराब मौसम के कारण शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष उड़ान टली, अब 11 जून को होगी एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग

नई दिल्ली। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए A&iom-4 मिशन लॉन्चिंग को खराब मौसम के कारण एक दिन के लिए टाल दिया गया है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्ट करके यह जानकारी दी. इसरो ने अपने प्रमुख डॉ. वी. नारायणन के हवाले से एक्स पोस्ट में लिखा, मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजने के लिए A&iom-4 मिशन की लॉन्चिंग 10 जून की जगह 11 जून को पोस्टपोन कर दी गई है. लॉन्चिंग का अगला समय 11 जून को शाम 5.30 बजे है. इंडियन एयरफोर्स के पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला तीन अन्य क्रू मेंबर्स के साथ स्पेश मिशन, एक्सिओम-4 का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं, जो भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा. एक्सिओम-4 मिशन का क्रू इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा करेगा, जहां वे लेबोरेटरी की परिक्रमा करेंगे और साइंस, आउटरीच और कमर्शियल प्रयासों पर केंद्रित मिशन को अंजाम देंगे. एक्सिओम-4 मिशन को 10 जून को सुबह 8.22 बजे अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के एलसी-39ए लॉन्च पैड से स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के माध्यम से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए लॉन्च किया जाना था. अब यह लॉन्चिंग 11 जून को भारतीय समयानुसार शाम 5 बजकर 30 मिनट पर होगी. एक्सिओम-4 मिशन का लक्ष्य चार सदस्यीय क्रू के साथ 60 एक्सपेरिमेंट्स को



(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ठाणे में बड़ा हादसा: मुंबई लोकल ट्रेन से 10 यात्री गिरे, 4 की दर्दनाक मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। पुष्पक ट्रेन से 10-12 यात्री नीचे गिर गए। दीवा और मुंब्रा स्टेशन के बीच हुए हादसे में 4 की मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और पुलिस की टीम पहुंची। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद से लोकल सेवा भी प्रभावित हुई है।



### दरवाजे पर लटककर कर रहे थे यात्रा

जानकारी के मुताबिक, पुष्पक ट्रेन में बहुत भीड़ थी। भीड़ के कारण यात्री ट्रेन के दरवाजे पर लटककर यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें यात्रियों को ट्रेन से गिरते देखा जा सकता है। इन यात्रियों को ट्रैक से उठाया गया और प्लेटफॉर्म पर लाया गया। कई यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। सेंट्रल रेलवे के अफसरों ने बताया कि मुंब्रा और दिवा स्टेशनों के बीच डाउन/फास्ट लाइन पर हादसा हुआ। कसारा से आ रही लोकल ट्रेन और सीएसएमटी की ओर जा रही एक अन्य ट्रेन के यात्रियों ने फुटबोर्ड पर यात्रा करते हुए एक-दूसरे को टक्कर मार दी, जिससे कुछ लोग गिर गए। हादसे में कई यात्रियों की मौत हुई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया

(शेष पृष्ठ 6 पर...)






## आज कांग्रेस हाईकमान से मिलेंगे सिद्धारमैया, 11 साल पूरे होने पर मोदी सरकार पर साधा निशाना

बंगलूरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कांग्रेस हाईकमान से मुलाकात करने के लिए आज नई दिल्ली का दौरा करेंगे। इस दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं और बंगलूरू में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ की घटना पर चर्चा होने की उम्मीद है। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।



मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कल दिल्ली का दौरा करेंगे। सिद्धारमैया दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और उन्हें ताजा घटनाक्रमों की जानकारी देंगे।

भगदड़ की घटना 4 जून की शाम को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई थी। उस समय बड़ी संख्या में लोग आईपीएल में आरसीबी टीम की जीत का जश्न मनाने के लिए जमा हुए थे। इस घटना में 11 लोग मारे गए और 56 घायल हुए। सिद्धारमैया ने रविवार को उन खबरों को खारिज किया था, जिनमें कहा गया था कि कांग्रेस हाईकमान ने उनसे इस घटना की जानकारी मांगी है।

### डीके शिवकुमार पहले से दिल्ली में मौजूद

इस बीच, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार भी दिल्ली में मौजूद हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे, तो उन्होंने कहा कि इस बार वह ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें बंगलूरू में एक जरूरी बैठक में हिस्सा लेना है और वह बाद में वापस आएंगे। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आज केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर भी हमला किया और कहा कि वह शून्य अंक की हकदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार केवल प्रचार पर जीवित है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के पीएमओ में 11 साल पूरे करने के मौके पर आई।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बेंगलुरु भगदड़ मामला: आरसीबी और डीएनए ने एफआईआर रद्द करने को लेकर हाईकोर्ट में लगाई गुहार

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मालिक कंपनी रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स लिमिटेड और आयोजन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। दोनों ने 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ की घटना के बाद दर्ज आपराधिक एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। इस हादसे में 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।




आरसीएसएल ने अदालत में कहा, कंपनी का भीड़ प्रबंधन में कोई सीधा रोल नहीं था। सोशल मीडिया पर पहले ही घोषणा कर दी गई थी कि सिर्फ सीमित पास उपलब्ध होंगे। फ्री पास के लिए भी पूर्व-पंजीकरण आवश्यक था। गेट खुलने में देरी के कारण भीड़ बेकाबू हुई। डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स ने एक अलग याचिका में आरोप लगाया कि यह घटना पुलिस और राज्य अधिकारियों द्वारा 3 लाख से अधिक लोगों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने में विफलता के कारण हुई। याचिका में कहा गया कि अपर्याप्त पुलिस तैनाती और लाठीचार्ज के कारण उपस्थित लोगों में दहशत फैल गई, जिससे स्टेडियम के बाहर सड़कों और फुटपाथों पर भगदड़ मच गई। डीएनए की याचिका में कब्बन पार्क पुलिस इंस्पेक्टर की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की गई, जिसमें कहा गया कि उन्होंने अनुशासनात्मक कार्रवाई से खुद को बचाने के लिए स्वतः संज्ञान लेकर शिकायत दर्ज कराई। इसने यह भी दावा किया कि राजनीतिक दबाव में जल्दबाजी और मनमाने ढंग से एफआईआर दर्ज की गई। कथित तौर पर कंपनी के दो अधिकारियों को 6 जून की सुबह बिना किसी उचित जांच के गिरफ्तार कर लिया गया। आरसीएसएल और डीएनए दोनों ने हाईकोर्ट से एफआईआर रद्द करने और सभी संबंधित कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, उनका तर्क है कि किसी भी पक्ष द्वारा सीधे गलत काम करने का कोई सबूत नहीं है।

## सेंसर टेक्नोलॉजी पर संयुक्त केंद्र बनेगा: आईआईटी भिलाई का जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ सीजेन के साथ एमओयू



भिलाई। छत्तीसगढ़ के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई और जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ सीजेन के बीच एमओयू हुआ है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है। साथ ही दोनों संस्थानों के छात्रों और शोधकर्ताओं को वैश्विक स्तर पर अवसर प्रदान करना है।एमओयू के तहत आईआईटी भिलाई में सेंसर टेक्नोलॉजी पर संयुक्त केंद्र स्थापित किया जायेगा।

### रिसर्च- नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

यह केंद्र दोनों संस्थानों के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जाएगा और आधुनिक सेंसर टेक्नोलॉजी पर अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर भारतीय दूतावास, जर्मनी से डॉ. बनर्जी भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस सहयोग की सराहना की। समझौते पर दोनों संस्थानों के प्रमुखों ने सिएगेन विश्वविद्यालय में औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने इसे भारत-जर्मनी के बीच अकादमिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया। इस समझौता ज्ञापन से अंतःविषयक अनुसंधान और नवाचार के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। जिससे स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट बुनियादी ढांचे और पर्यावरण निगरानी जैसे क्षेत्रों में वैश्विक ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र और औद्योगिक अनुप्रयोगों में योगदान मिलेगा।

## मैतेई नेताओं की गिरफ्तारी के बाद बवाल, विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए कर्फ्यू लागू

इंफाल। मणिपुर में मैतेई संगठन अरंबाई टेंगोल के नेताओं की गिरफ्तारी के बाद 7 जून की रात से हिंसक प्रदर्शन चल रहे हैं. राज्य में अशांति का माहौल पहले से ही था, अब ताजा गिरफ्तारियों ने आग में घी डालने का काम किया है. प्रशासन ने 5 जिलों में कर्फ्यू लागू कर दिया है, बावजूद इसके प्रदर्शनकारी लगातार सड़कों पर उतरकर आगजनी और तोड़फोड़ कर रहे हैं. कई जगहों पर तो प्रदर्शनकारियों ने आत्मदाह की कोशिश की और इस दौरान सुरक्षाबलों के साथ उनकी झड़प भी हुई है.



### पांच जिलों में कर्फ्यू लागू

गिरफ्तार किए गए सभी लोग मैतेई संगठन अरंबाई टेंगोल से जुड़े हैं, जिसमें एक प्रमुख नेता कानन सिंह भी शामिल हैं, जिनको इंफाल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था. सीबीआई ने मई 2023 में राज्य में भड़की जातीय हिंसा से संबंधित कई आपराधिक गतिविधियों में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाया है. बिगड़ते हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने घाटी के पांच जिलों में सख्त कर्फ्यू लगा दिया है. अफवाहों को रोकने और प्रदर्शनकारियों को जमा होने से रोकने के लिए इंटरनेट सर्विस पूरी तरह बंद कर दी गई है. इन उपायों के बावजूद इन जिलों में हिंसा जारी है. प्रदर्शनकारी जलते हुए टायर, लकड़ी के पिलर और मलबे का इस्तेमाल करके सड़कों को ब्लॉक कर रहे हैं. प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़पें बढ़ गई हैं, खासकर रात के समय. सुरक्षाबलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले, रबर की गोलियां, नकली बम और यहां तक कि जिंदा कारतूसों का भी इस्तेमाल किया है.

### कलेक्टर ऑफिस में लगाई आग

प्रदर्शनकारियों ने रविवार शाम को थौबल जिले के याइरीपोक तुलिहाल में उप-विभागीय कलेक्टर ऑफिस में आग लगा दी. उस दिन पहले इंफाल पूर्व के खुरई में एक महिला समूह ने मणिपुर से बाहर रहने वाले सभी विधायकों को चेतावनी जारी की, जिसमें नई सरकार बनाने में मदद करने के लिए 10 जून को शाम 6 बजे तक उनके लौटने की मांग की गई.

### पूर्व सीएम बीरेन सिंह दिल्ली रवाना

एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और राज्यसभा सांसद लीशेम्बा सनाजाओबा सोमवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हुए. इंफाल एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए बीरेन सिंह ने कहा, मैं राज्य में बिगड़ती स्थिति से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराने जा रहे हैं. मैं जनता से अपील करता हूं, यह एक अहम फेस है. लोगों को हिंसा से बचते हुए सावधानी और एकता के साथ काम करना चाहिए. हर कदम शांति के लिए उठाना चाहिए.

इस बीच, अरंबाई टेंगोल ने गिरफ़्तारियों का विरोध करने और हिरासत में लिए गए अपने सदस्यों की बिना शर्त रिहाई की मांग करने के लिए पूरे राज्य में 10 दिन का बंद बुलाया है. नतीजतन, शैक्षणिक संस्थान बंद हैं, बाज़ार बंद हैं और सरकारी दफ़्तरों में बहुत कम कर्मचारी काम कर रहे हैं, क्योंकि संगठन ने कर्मचारियों को काम पर न आने की चेतावनी दी है.

### एक साल में 250 से ज्यादा की मौत

मणिपुर 3 मई, 2023 से जातीय संघर्ष से जूझ रहा है. पिछले एक साल में करीब 250 लोगों की जान जा चुकी है और 60,000 से ज़्यादा लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं. केंद्र की तरफ से कई दौर की बातचीत के ज़रिए मध्यस्थता करने की कोशिशों के बावजूद संकट का स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है. राज्य एक और

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे ने नागरिकों को कबीर जयंती की दी बधाई




राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे ने नागरिको को कबीर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि कबीर साहेब न सिर्फ एक आध्यात्मिक संत थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे।विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि संत कबीर साहेब के सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता के संदेश को छत्तीसगढ़ के अलावा भारत देश के लोगों ने भी आत्मसात किया है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर लोगों को मानवतावादी समाज की रचना के लिए प्रेरित किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। कबीरधाम से लेकर दामाखेड़ा तक उनके अनुयायियों ने आज भी उनके विचारों की अलख जगा रखी है।

सांसद श्री पाण्डे ने बधाई देते हुए कहा कि कबीर दास की गिनती भारत के प्रसिद्ध कवि और महान समाज सुधारक के तौर पर की जाती है। उन्होंने अपनी लेखनी से समाज में भेदभाव को खत्म करने का काम किया था। इनके दोहे आज भी विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। कबीर दास ने अपने जीवन काल में कई रचनाएं की। इनमें कबीर अमृतवाणी सबसे लोकप्रिय रचना है। उनके दोहे युवाओं में प्रेरणा भरने का काम करते हैं।

## महापौर ने दी कबीर जयंती की बधाई



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों को सद्गुरू कबीर साहेब जयंती की बधाई देते हुये कहा कि कबीर साहेब परम ज्ञानी थे। उन्होंने धर्म के यथार्थ पर चलने का मार्ग दिखाया।

शुभकामना संदेश में महापौर श्री यादव सहित निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कबीर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि कबीर साहेब जी बिना पढ़े ही परम ज्ञान को प्राप्त कर लिये थे। उनके द्वारा धर्म व जाति विशेष की कभी आलोचना नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब मानव जाति के प्रेरणा श्रोत थे। हमे को उनके बताये मार्गो पर चलना है। महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, आलोक श्रोती, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू सहित उपनेता प्रतिपक्ष मुकेश साहू, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुति लोकेश जैन, संतोष कुमार साहू, श्रीमती मोहनी बाई एवं सेवक राम उइके तथा पार्षदों ने नागरिकों को कबीर जयंती पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवनी को आत्मसात करने की अपील की है।

## कल मुड़पार में श्री सदगुरु कबीर साहेब प्रकट उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। कबीरपंथी साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासी मुड़पार (सुरगी) के तत्वाधान में 11 जून दिन बुधवार को श्री सदगुरु कबीर की असीम कृपा से कबीर प्राकटय दिवस एवं सत्संग प्रवचन व आरती पूजा का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति के हरिनारायण साहू ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में परम पूज्य संत कोमल साहेब अमेरा बलौदा बाजार के कर कमल से संपन्न होगा। हरिनारायण साहू ने आगे बताया कि प्रातः 9 बजे गुरु महिमा पाठ व शोभायात्रा सुबह 11 बजे से सत्संग प्रवचन पूजा आरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। ग्रामवासियो ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## लिखित एवं कम्प्यूटर कौशल परीक्षा का आयोजन अब 18 जून को

राजनांदगांव (दावा)। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन राजनांदगांव में स्वीकृत पद परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाईल्ड हेल्प लाईन, सुपरवाईजर, केस वर्कर पद हेतु लिखित परीक्षा एवं कम्प्यूटर कौशल परीक्षा का आयोजन अब 18 जून को सुबह 11 बजे से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में किया गया है। ज्ञातव्य हो कि उक्त परीक्षा का आयोजन 10 जून को आयोजित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया गया है।









# महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

बताया जाता है कि आरोपी द्वारा इस घटना में पीड़िता के पति एवं दादा द्वारा बीच-बचाव करने पर उनके साथ मारपीट किया गया। लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि बुद्धुभरदा निवासी प्रार्थिया ने 8 जून को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम बुद्धुभरदा निवासी मनीष यादव पिता पोशू यादव के द्वारा बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ कर गॉली गलौच किया और जब इसका पति यहां आया तो उसका गला दबाने की कोशिश की। जब वह बीच-बचाव हेतु ग्रामीणों को बुलाई तो इसके दादा चैनसिंग सिन्हा को राड से मारकर उसका सिर फोड़ दिया। जिससे वे लहुलुहान हो गये।

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि प्रार्थियां की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 267/2025 धारा 74, 296, 115(2), 351(2) बी.एन.एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराया गया एवं उनके निर्देशन व मार्गदर्शन में तथा उनके नेतृत्व के दौरान विवेचना करते हुए पीड़िता को आई चोटों का मुलाहिजा कराया गया व आरोपी मनीष यादव पिता पोशू यादव उम्र 24 वर्ष को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। इस पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर उसे सोमवार 09 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में म.प्र.आर. खुशबु नागवंशी, आरक्षक राजकुमार बंजारा, फागुराम साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# खुमान साव को गीतों भरी श्रद्धांजलि

- लोक कलाकारों ने पुण्यतिथि पर किया याद
- मितान का एक और यादगार आयोजन
- अगले साल से नगर निगम कराएगा आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात लोक संगीतकार खुमानलाल साव की छठवीं पुण्यतिथि आज यहां स्थानीय पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम परिसर में मनाई गई ।

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे। अध्यक्षता नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों और उपस्थित कलाकारों द्वारा ऑडिटोरियम परिसर में स्थापित स्व. खुमान साव की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित लोक कलाकारों ने स्व. साव को स्वरांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित श्री खुमान साव की पहचान न केवल छत्तीसगढ़ अपितु समूचे हिंदुस्तान में थी। उनका संगीत उत्कृष्ट था। वे प्रचार प्रसार से दूर रहकर केवल अपना काम करते थे। श्री यादव ने आगामी वर्ष से खुमान साव की याद में हर वर्ष 9 जून को नगर निगम की ओर से कार्यक्रम करने की घोषणा की। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि खुमान साव छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के सशक्त हस्ताक्षर थे। लोक संगीत के क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक ने कहा कि आज वे जिस मुकाम पर हैं उसके पीछे खुमान साव जी का बहुत बड़ा योगदान है । इस अवसर पर खुमान साव से जुड़े लोक कलाकारों ने उनके द्वारा संगीतबद्ध लोकगीतों को प्रस्तुत कर अपनी स्वरांजली दी। सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत कर अपने प्रसिद्ध गीत पता दे जा रे गाड़ी वाला और महादेव हिरवानी के साथ बखरी के तुमा नार बरोबर मन झूमे रे गाकर माहौल बनाया। शिवानी जंघेल ने महादेव हिरवानी के साथ तोर कारण बैईहा बनेंव तोर कारण, गीतांजलि वैष्णव ने मोर कुरिया सुन्न रे और सबा खान ने काबर समाए मोर बैरी नैना मां गीत गाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया । हिमानी वासनिक ने भरथरी गायन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की वाहवाही बटोरी। महादेव हिरवानी ने मोर संग चलव रे गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया।

संगीत पक्ष में योगेश ठावरे ने आर्गन, राकेश साहू ने तबला, दिनेश साहू ने ढोलक और विक्की साहू ने ऑक्टोपैड में साथ दिया। इस अवसर पर मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश मारू, खुमान साव के सुपुत्र दीपेश साव, हर्ष कुमार बिंदु , वीरेन्द्र बहादुर सिंह, विष्णु कश्यप, महेश्वर दास साहू, दीपक महोबिया, नरेंद्र साहू, बांसुरी वादक ओमप्रकाश देवांगन,रोहित चंदेल, हिम्मत सिंह पवार, पम्मी महोबिया, गफ्फार खान और रामकृष्ण सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोक संगीत के सुधी श्रोता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र बहादुर सिंह ने किया ।

## शिवम मिश्रा का निधन

राजनांदगांव (दावा)। श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा के भतीजे एवं शिक्षक सुरेंद्रदत्त मिश्रा के सुपुत्र शिवनारायण मिश्रा (शिवम) का आज प्रातः रेलवे दुर्घटना से मृत्यु हो गई। 25 वर्ष की अल्पायु में शिवम के निधन से परिवार स्तब्ध हो गया। परिवार में तीन बहनों के बीच शिवम परिवार में इकलौता भाई था, जिनकी अंतिम यात्रा आज शाम 4:30 बजे उनके निज निवास ब्राह्मण पारा से मठपारा स्थित मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार विधि-विधान से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज एवं भाजपा के नेता उपस्थित हुए।

### नीलू शर्मा ने शोक संवेदना व्यक्त की

बड़ी संख्या में मुक्तिधाम में उपस्थित शहर के गणमान्य लोगों के बीच पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने मिश्रा परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से इस दुख की घड़ी में परिवार को संबल प्राप्त प्रदान करने की मनोकामना की। शोकसभा का संचालन राधेश्याम गुप्ता ने किया।

## शिक्षक राजेंद्र कुमार साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। समता कालोनी पनेका रोड निवासी सेवानिवृत्त आरआई रिखीराम साहू के सुपुत्र राजेन्द्र कुमार साहू का रविवार सुबह हृदयाघात के चलते निधन हो गया। हसमुख व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी 56 वर्षीय राजेंद्र कुमार छुरिया क्षेत्र के ग्राम पडरामटोला में शिक्षक थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां साहू समाज व शिक्षा जगत के लोगों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जनों की उपस्थिति रही। मुक्तिधाम में उपस्थित जनों को 10 जून मंगलवार को उनके तीज नहावन की सूचना देते मृतात्मा की भावभीनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक 202506091100009**

**विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी: राजस्व**
**सन:- 2024-2025 आसरा प.ह.नं. 00015(हे.)**
**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- श्रीमती संगीता बाई अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती संगीता बाई/बंशीदास निवासी ग्राम आसरा, पटवारी हल्का नंबर 15 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कर अपने पुत्री रेणुका वैष्णव का मृत्यु दिनांक मृत्यु दिनांक 05.11.1999 को ग्राम आसरा में होने के कारण अपनी पुत्री की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रमांक 66110525003636 स्कूल के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20.06.2025 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 05.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगांव**

### NAME CHANGE

It is Informed to the General public that I **Mohit Dewangan** S/o. **Laxman Prasad Dewagan** have changed my old name **Mohit Kumar Dewangan.** So future I Should be recognized by my New Name that is **Mohit Dewangan** in all Government and other documents.

**Mohit Dewangan,**
New Chandra Colony
Rajnandgaon (C.G.)
Pin - 491441

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं लीलेश्वरी पति मनोज कुमार जाति कंवर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भर्रीटोला विकासखंड/तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूं।

यह शपथ करती हूँ कि मेरा सही नाम लीलेश्वरी है, जो मेरे मार्कशीट में दर्ज है और मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नीलेश्वरी त्रुटिवश दर्ज हो गया है।

अतः आज से मुझे मेरे सही नाम लीलेश्वरी से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में लिखा, पढ़ा व जाना पहचाना जावे इस हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूं। अतः प्रकाशन उपरांत मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में लीलेश्वरी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**लीलेश्वरी**
पति- मोहित कुमार
निवासी - ग्राम भर्रीटोला
वि.ख./तह. छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चोवा राम देवांगन आयु 39 वर्ष पिता श्री कुंदन लाल देवांगन, जाति - कोष्टा निवासी बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 1 शहर, तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं।

यह शपथ करता हूं कि मैं अपनी पुत्री का नाम मानसी देवांगन (MANASI DEWANGAN) से बदलकर मानसी (MANSI DEWANGAN) कर लिया हूं। अतः अब से मेरी पुत्री का नाम मानसी देवांगन (MANSI DEWANGAN) के नाम से जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करना चाहता हूँ।

अतः प्रकाशन उपरांत मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम मानसी (MANSI DEWANGAN) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**चोवाराम देवांगन**
पिता श्री कुंदन लाल देवांगन
निवासी - बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 1 शहर, तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-5-9
579-1 335-1
राजधानी
3-5-7
170-8 667-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# फरार चल रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों को बसंतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## वारंटियों को न्यायालय के समक्ष किया गया पेश




राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में 4 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई व गिरफ्तार वारंटियों को धर दबोचा है। पुलिस द्वारा पकड़े गए इन वारंटियों को न्यायालय के समक्ष में पेश किया गया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि उक्त वारंटी 4 साल से फरार चल रहे थे जिन्हें धर दबोचा गया। आरोपियों के नाम उन्होंने भक्त राज ढीमर पिता ईश्वरी प्रसाद ढीमर उम्र 24 साल निवासी अटल आवास ब्लॉक नंबर 20 थाना लालबाग, पुनाराम पिता कल्लू गोड़ उम्र 35 साल निवासी राजीव नगर बसंतपुर बताया है।

श्री साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के द्वारा लंबित स्थायी, गिरफ्तारी वारटियों एवं आपराधिक व असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था। जिस पर उनके मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर स्वयं उनके नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर लंबित स्थायी, गिरफ्तारी वारटियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी वारंटी जो लंबे समय से कोर्ट के समक्ष पेश नही हो रहे थे। जिनके विरूद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट प्राप्त हुआ था। जिन्हें घेराबंदी कर मुखबीर की सूचना के आधार पर पकडा गया और उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित आरक्षक प्रवीण मेश्राम, पुश बघेल, आशीष मानिकपुरी की सराहनीय भूमिका रही।

# 'जल है तो कल है' हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा में उमड़ रहा पूरा गांव



राजनांदगांव (दावा)। 'जल है तो कल है' को लेकर इन दिनों राजनांदगांव और डोंगरगांव के गांव-गांव में जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता पहुंचाने दस्तक दे रही है, हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा में पूरा गांव उमड़ रहा है, स्वयं तो जागरूक होने के अलावा ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है राजनांदगांव ब्लॉक के देवादा, कोपेडीह और खूंटेरी में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, सरपंच श्रीमती उमा साहू, श्रीमती लक्ष्मी दुर्गेश साहू, चुनेश्वर साहू, पीआरपी रेणु मनहरे, बिहान कैडर अनुराधा जायसवाल, लोकेश्वरी साहू, संगीता ठाकुर, खिलेश्वरी, हेमा साहू, दुलेशवरी, प्रतिभा चंदेल, प्रभाती साहू, बेला साहू सहित पंचगण, महिला समूह, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

श्रीमती फूलबासन यादव ने कहा कि नारी शक्ति जब ठान लेती है, उसे करके दिखाती है, आज राजनांदगांव जिले का विशिष्ट स्थान इन्हीं नारी शक्ति के कारण बना है, अब नारी शक्ति जल और पर्यावरण के लिए लगतार कार्य कर रही है, पंचायत हर संभव मदद कर रहा है हमें अधिक संख्या में सोखता गड्ढा बनाने के अलावा, नाला बंधन करना होगा साथ ही पौधारोपण कर उसे बचाना होगा तभी नीर और नारी अभियान सफल होगा। शिव कुमार देवांगन ने बताया कि कम दरों पर केशर आम का पौधा उपलब्ध कराया जा रहा है केशर आम की खासियत है वे काफी टेस्टी और टिकाऊ होता है जिसके कारण बाजार में मांग है इसके रेट अन्य आम से ज्यादा होता है अभी कुछ फल दुकान में ही मिलता है इस समय 150 किलो में मिल रहा है यह आम बाजार में हमेशा मांग रहेगा क्योंकि बड़े-बड़े सिटी में, विदेश में काफी मांग बनी रहता है, आम को आपने बाड़ी में पानी और सुरक्षा है वहां लगाया जा सकता है जून के अंतिम सप्ताह से लोगो के मांग अनुसार पौधा उपलब्ध कराया जाएगा।

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

फोन/ फैक्स नं. 07815250157 **नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में नीलाम दिनांक 20.06.2025 को रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा/ व्यापारिक बॉस/औद्योगिक बॉस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय /काष्ठागार कसनिया से प्राप्त की जा सकती है।

| अ.क्र. | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | नया वनोपज | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी | लट्ठा | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी |
| | | घ.मी | नग | घ.मी. | घ.मी. | नग |
| 1 | सागौन | 265.406 | 5638 | 4.000 | 269.406 | 5638 |
| 2 | साल | 779.729 | 1805 | 900.000 | 1679.729 | 1805 |
| 3 | बीजा | 65.940 | 89 | 1.000 | 66.940 | 89 |
| 4 | तिंसा | 0.218 | - | - | 0.218 | - |
| 5 | खम्हार | - | 32 | - | - | 32 |
| 6 | हरदू | 5.016 | 1 | - | 5.016 | 1 |
| 7 | साजा | 28.412 | 169 | 8.000 | 36.412 | 169 |
| 8 | धावड़ा | 2.051 | 6 | 1.000 | 3.051 | 6 |
| 9 | सलिहा | 1.953 | - | | 1.953 | - |
| 10 | नीलगिरी | - | 18 | 4.000 | 4.000 | 18 |
| 11 | शीशु | - | - | - | 0.000 | - |
| 12 | अन्य | 461.000 | 895 | 35.000 | 496.000 | 895 |
| 13 | तेन्दू | 9.497 | 7 | - | 9.497 | 7 |
| | योग (काष्ठ) | 1619.222 | 8660 | 953.000 | 2572.222 | 8660 |
| 14 | सागौन जलाऊ | 8 | चट्टा | - | 8 | चट्टा |
| 15 | सतकठा जलाऊ | 144 | चट्टा | - | 144 | चट्टा |
| 16 | सलिहा जलाऊ | 5 | चट्टा | - | 5 | चट्टा |
| | योग (जलाऊ) | 157 | चट्टा | - | 157 | चट्टा |
| 17 | औद्योगिक बांस (बण्डल) | 348<br>2.899 | बण्डल<br>नो. टन | -<br>- | 348<br>2.899 | बण्डल<br>नो. टन |
| | योग बांस | 2.899 | नो. टन | - | 2.899 | नो. टन |

**जांजगीर चाम्पा वनमण्डल के विभिन्न डिपो में रखे गये वनोपज के नीलाम हेतु मात्रा की जानकारी नीलामी दिनांक 20.06.2025**


| आ.क्र. | डिपो का नाम | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लट्ठा | | बल्ली/ डेंगरी | | जलाऊ | बांस | घ.मी. |
| | | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | निस्तार डिपो | अन्य | 353 | 46.499 | 105 | 0.671 | - | - | - |
| | | सागौन | 30 | 2.880 | - | - | - | - | - |
| | | साल | 14 | 1.828 | - | - | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 62 | - | - |
| 2. | अकलतरा डिपो | सागौन | 29 | 3.846 | 384 | 3.127 | - | - | - |
| | | नीलगिरी | 246 | 15.263 | 1599 | 35.977 | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 53 | - | - |
| | | आद्यो.बांस | - | - | - | - | - | 70 | 0.044 |
| 3. | बारद्वार | अन्य | 72 | 8.079 | - | - | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 22 | - | - |
| 4. | जांजगीर | सागौन | 16 | 0.943 | 4 | 0.046 | - | - | - |
| | | अन्य | 184 | 26.511 | - | - | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 114 | - | - |
| 5. | पंतोरा डिपो | तेंदू | 130 | 20.861 | - | - | - | - | - |
| | | साजा | 45 | 9.337 | - | - | - | - | - |
| | | अन्य | 30 | 4.174 | - | - | - | - | - |
| | | हल्दू | 6 | 1.059 | - | - | - | - | - |
| | | बीजा | 4 | 0.572 | - | - | - | - | - |
| | | सादू | 39 | 6.045 | 6 | 0.027 | - | - | - |
| | | सागौन | - | - | 6 | 0.101 | - | - | - |
| | | सतकठा | - | - | - | - | 17 | - | - |
| योग | | | 1198 | 147. 897 | 2104 | 39.949 | 268 | 70 | 0.044 |

(1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व MSTC E-Commerce Portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदारों को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत E M D की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लाट की थप्पी सूची एवं फोटो MSTC E-Commerce Portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है।
(4) ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी- 252601432/3

वन मंडलाधिकारी
कटघोरा, वनमण्डल कटघोरा

# दाने-दाने को तरस रहा पाकिस्तान, वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट से खुली पाक की पोल

नई दिल्ली। महंगाई और कमजोर अर्थव्यवस्था की मार झेल रहा पाकिस्तान लगातार कर्ज की दलदल में फंसता जा रहा है। वर्ल्ड बैंक की एक नई रिपोर्ट ने भारत और पाकिस्तान की सच्चाई बयां की है। एक तरफ जहां भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत होती जा रही है। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान आर्थिक तेजी से भुखमरी और गरीबी की ओर अग्रसर है।

### गरीबी को भारत दे रहा मात

वर्ल्ड बैंक की 'पावर्टी एंड शेयर्ड प्रॉस्पेरिटी' रिपोर्ट के मुताबिक, 2011-12 में भारत की कुल आबादी का 27.1 प्रतिशत गरीबी में जी रहा था, लेकिन 2022-23 तक यह आंकड़ा घटकर 5.3 प्रतिशत रह गया। यानी 34.4 करोड़ की जगह 7.5 करोड़ लोग ही गरीबी रेखा से नीचे हैं। इसका मतलब है कि करीब 9 साल में 26.9 करोड़ लोग गरीबी के बाहर आ गए, जो पाकिस्तान की पूरी आबादी से ज्यादा है।

### गरीबी की बोझ तले दबे जा रहा पाकिस्तान

वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान में गरीबी बढ़ती जा रही है। साल 2017-18 से लेकर 2020-21 के बीच पाकिस्तान में अत्यंत गरीबी 4.9 प्रतिशत से बढ़कर 16.5 प्रतिशत हो चुकी है।

### क्या है गरीबी को लेकर वर्ल्ड बैंक की परिभाषा

बता दें कि वर्ल्ड बैंक ने गरीबी की परिभाषा में बदलाव किया है। वर्ल्ड बैंक ने अत्यंत गरीबी की रेखा 2.15 डॉलर से बढ़ाकर 3 डॉलर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कर दिया है।

इस रिपोर्ट के सामने आने से पाकिस्तान की पोल खुल चुकी है। दरअसल, पाकिस्तान में बढ़ती गरीबी, इस बात का संकेत है कि दुनिया से कर्ज लेने के बावजूद भी पाकिस्तान के हालात सुधर नहीं रहे। दरअसल, पाकिस्तान की सरकार आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से विकास और कई झूठे दावे कर कर्ज तो लेती है, लेकिन इसका उपयोग सेना और आतंकवादियों की ताकत को बढ़ाने में करती है। पाकिस्तान सरकार की प्राथमिकता विकास नहीं, बल्कि भारत-विरोधी और आतंकी नेटवर्क को मजबूत करना है।

# यात्रा से पूर्व ट्रेनों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए 'एनटीईएस' का करें उपयोग




राजनांदगांव (दावा)। भारतीय रेलवे में 139 हेल्प लाइन के अलावा नेशनल ट्रेन इन्क्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) एक ऑनलाइन सेवा भी उपलब्ध है जिसके माध्यम से यात्री देशभर में चल रही ट्रेनों की वास्तविक स्थिति जैसे आगमन, प्रस्थान, रद्दीकरण, मार्ग परिवर्तन आदि की जानकारी रियल टाइम में प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा वेबसाइट के साथ-साथ मोबाइल ऐप के रूप में भी उपलब्ध है। एनटीईएस ऐप गूगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क डाउनलोड के लिए उपलब्ध है और यह यात्रियों के लिए एक भरोसेमंद सहायक बन गया है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व रेलवे सहित देश के कई रेलवे ज़ोन में आवश्यक रखरखाव एवं अधोसंरचना विकास कार्य किए जा रहे हैं जिसके कारण कुछ ट्रेनें अपने प्रारंभिक स्टेशनों से ही विलंब से चलती हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपने नेटवर्क में ट्रेनों के संचालन को यथासंभव समयबद्ध बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है और परिचालन बेहतर तरीके से संचालित करने का प्रयास किया जाता है। यात्रीगण अपनी यात्रा के लिए स्टेशन आने से पहले एनटीईएस ऐप या वेबसाइट के माध्यम से अपनी ट्रेन की वास्तविक स्थिति अवश्य जांच लें, इससे असुविधा एवं अनावश्यक रूप से प्लेटफॉर्म पर देर तक प्रतीक्षा करने से बचा जा सकेगा। हालांकि रेलवे द्वारा यात्रियों को ट्रेनों की स्थिति की सूचना उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाती है साथ ही स्टेशनों पर पैसेंजर एनाउंस सिस्टम के माध्यम से भी नियमित उद्घोषणा भी की जाती है। एनटीईएस का उपयोग यात्रियों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनकए समयबद्ध और सटीक बनाता है।

# मोहन नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : नागपुर से फरार महिला ब्राउन शुगर सप्लायर गिरफ्तार



**एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई**

दुर्ग (दावा)। शहर के मोहन नगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। नारकोटिक्स एक्ट के तहत दर्ज प्रकरण में फरार चल रही महिला ब्राउन शुगर सप्लायर चित्रा मनोज रहांगडाले उर्फ चित्रा ठाकुर को नागपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।थाना मोहन नगर में अपराध क्रमांक 222/2025 के तहत धारा 21(क), 27(क) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। पूर्व में इस मामले में देवेंद्र विश्वकर्मा, करण रंगारी और सोहेल सोलंकी उर्फ राजा/राज को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में आरोपियों से 2.5 ग्राम ब्राउन शुगर (कीमत लगभग 10,000 रूपए) और 5000 की नगदी रकम के साथ घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई थी। आरोपिया चित्रा मनोज रहांगडाले (उम्र 37 वर्ष), निवासी ईतवारी रेलवे स्टेशन, थाना शांति नगर, नागपुर को 9 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### आगे भी सख्त अभियान रहेगा जारी

यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल (भा.पु.से.) के निर्देशन में की गई। दुर्ग पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

# महापौर ने किया आर.के. नगर अमृत उद्यान में वृक्षारोपण



**प्रबुद्धजनों एवं महिलाओं ने कचनार, नीम, कदम के लगाये पौधे**

राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ महापौर मधुसूदन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आनंद वाटिका में एक पेड मॉं के नाम लगाकर किया। इसी कडी में गत दिवस रविवार को महापौर के साथ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष संचिन बघेल, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद संदीप बघेल व सेवक उईके, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर सहित वार्ड के प्रबुद्धजन सर्वश्री रूपचंद भीमनानी, संदीप भट्टाचार्य, प्रोफेसर कैलाश देवांगन, विद्युत मण्डल के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता अशोक उमरे, नीलेश जोबनपुत्र, टीकाराम त्यागी, आदित्य पराते, कृष्णा तिवारी, जय वैष्णव सहित महिलाएं एवं वार्डवासियो ने आर.के.नगर अमृत उद्यान में कचरार, नीम, कदम के पौधे रोपित किये।

वृक्षारोपण के अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने की नितांत आवश्यक है। क्योकि आज के इस औद्योगीकरण एवं शहरीकरण के युग में वृक्षों की अंधाधुध कटाई हो रही है और कटाई के अनुपात में वृक्ष नहीं लगाये जा रहे है। जिससे हमारा जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इन बातों को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा पौधा रोपण किया जा रहा है और आज अमृत उद्यान में विभिन्न प्रजाति के पौध रोपित किए गये। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर में वृहद वृक्षारोपण किया गया था। जिसका शहर में अच्छा प्रतिसाद मिला। शासन द्वारा भी नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने एक पेड मॉं के नाम अभियान चलाया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर में स्थल चयन कर वृक्षारोपण किया जा रहा है। गत वर्ष निगम द्वारा किये गये पौधरोपण का देख-भाल भी कर रहे है, उनमें से अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले रहे है। यह सबके सहयोग से ही संभव है, क्योकि यदि हर व्यक्ति अपने घर एवं संस्थान के सामने लगे वृक्ष की देख-भाल व सुरक्षा करेगा तो हमारा शहर हरा-भरा हो जायेगा।

# मोदी के 11 साल के कार्यकाल में अकल्पनीय विकास कार्य हुए - मोरजध्वज देवांगन



**कहा - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न सिर्फ भारत अपितु पूरे विश्व के लिए देवदूत साबित हो रहे**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के युवा नेता मोरजध्वज देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से केंद्र की सत्ता संभालते देश के विकास में तथा विश्व में भाईचारे तथा शांति का संदेश देने के विषय में देवदूत साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके लगातार 11 साल के प्रधानमंत्रित्व के कार्यकाल में देश में अभूतपूर्व और अकल्पनीय विकास कार्य हुए हैं। उनकी बड़ी संख्या में योजनाएं देश की जनता का भाग्य सवार रही है।

श्री देवांगन ने आगे कहा कि देश में करोड़ों गरीब रियायती और निःशुल्क राशन सामग्रियां लेकर बहुत खुश है। वही लाखों गरीब जो झुग्गी झोपड़ी में रहा करते थे। उन्हें पक्का घर नसीब हो गया है। परिवहन सेवाएं आज इतनी विकसित हो गई है कि बरसात में एक गांव से दूसरे गांव और शहर का संपर्क बहुत कम टूटता है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 खत्म करना पाकिस्तान को उसके आतंकवाद का करारा जवाब देना नक्सलवाद को खात्मे के करीब पहुंचा देना। जम्मू कश्मीर में पहाड़ पर ट्रेन चला देना यह सब मोदी राज में ही संभव हो सका है। सोचो जरा कि कांग्रेस का शासन काल चलते रहता तो देश जितनी तेजी से विकास कर रहा है उतनी तेजी से पतन में जाते रहता। छत्तीसगढ़ राज्य में ही देख ले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में राजनांदगांव की सड़कों का खस्ताहाल होकर धूल उड़ रही थी। इससे पहले डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब राजनांदगांव चमन हो सकता था अब विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री रहते राजनांदगांव की विकास गति वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह रफ्तार पकड़ ली है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के जननायक के रूप में पूर्व सांसद पूर्व महापौर एवं वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव ने राजनांदगांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# आज युक्तियुक्तकरण को लेकर कांग्रेस का घेराव

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर किए जा रहे रोजगार विरोधी नीति अपनाकर हजारों युवाओं को बेरोजगार किया जा रहा है जिसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 'शिक्षा-न्याय आंदोलन' किया जा रहा है। ब्लॉक स्तरीय घेराव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में राजनांदगांव ब्लॉक में 10 जून मंगलवार को सुबह 11 बजे स्थानीय कौरिनभाठा तालाब चौक स्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने उक्त घेराव में कांग्रेसजन, पालक सहित शहरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

# ग्रामों में विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम आमगांव कु में सर्व समाज के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए एवं डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बेंदरकट्टा में मुख्य रोड से शीतला मंदिर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को नियमों व प्रावधानों का पालन करते हुए समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

# जिले में प्रत्येक शनिवार को हो रहा स्वच्छता त्यौहार का आयोजन



**जिला पंचायत सीईओ ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बरगा, किरगी-बी, तोरनकट्टा एवं मनकी का निरीक्षण कर स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की**

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिले के ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बरगा, किरगी-बी, तोरनकट्टा एवं मनकी का निरीक्षण कर स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम मनकी में स्वच्छता त्यौहार अंतर्गत प्रत्येक घर में शोकपिट निर्माण कर ग्रे-वाटर के निपटान हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने निर्माणाधीन सेग्रीगेशन शेड को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवन मनकी के समीप एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। ग्राम तोरनकट्टा में नियमित कचरा संग्रहण नहीं होने और सड़क किनारे कचरा पाए जाने की पर नाराजगी व्यक्त की गई और ग्राम पंचायत सचिव पर 250 रूपए का अर्थदण्ड लगाया। उन्होंने निर्माणाधीन ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम बरगा के निरीक्षण के दौरान ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की और 10 दिनों के भीतर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देशित किया। साथ ही ग्राम बरगा को आदर्श ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए सभी आवश्यक कंपोनेंट्स की शीघ्र पूर्ति करने कहा गया। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम किरगी बी पहुंचकर ग्रामीणों एवं स्वच्छताग्राहियों के साथ बैठक लेकर गांव को ब्लॉक स्तर के मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने पर चर्चा की। इस अवसर पर जल संरक्षण, संपूर्ण स्वच्छता और गांव को कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक घर में शोकपिट निर्माण को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि सतत जनसहभागिता का परिणाम है। ओडीएफ प्लस के सभी मानकों को पूर्ण कर ग्रामीणों को स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली प्रदान करनी है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, जिला व जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छताग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.नंदूलाल चोटिया की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ.नंदूलाल चोटिया की स्मृति में सृजन संवाद भवन दिग्विजय महाविद्यालय में विचार गोष्ठी एवं रचना पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकबाबू, विशिष्ट अतिथि डॉ.कोमल सार्वा, अब्दुस सलाम कौसर, परमेश्वर वैष्णव महासचिव प्रगतिशील लेखक संघ छत्तीसगढ़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभात तिवारी ने की। चोटिया जी को याद करते हुए डॉ.कोमल सार्वा ने कहा कि चोटिया जी राजनांदगांव अंचल के साथ ही राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार थे, वह एक जन कवि थे एवं साथ ही स्पष्टवादी वक्ता एवं मंच संचालक भी थे। उनके आसपास कवियों का एक जमघट सा लगा रहता था। साहित्यकार के रूप में व कहते थे कि मैं मेहनतकश लोगों पर श्रम एवं रोटी पर कविता लिखने के लिए प्रतिबद्ध हूं। चोटिया जी अपनी कविताओं में विद्रोही स्वर का गान करते हैं, धान का कटोरा नामक कविता में उनका मार्क्सवादी चिंतन देखने को मिलता है। प्रगतिशील मान्यता के लिए अपना जीवन उन्होंने अर्पण कर दिया।

उनकी रचनाएं हमेशा अमर रहेंगीं। प्रोफेसर थान सिंह वर्मा ने कहा जिस समय चोटिया जी ने होश संभाला उस समय 1936 में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना हो चुकी थी। चोटिया जी सहज रूप से मानवीय संवेदनाओं को जनमानस तक पहुंचा देते थे, उनके काव्य संग्रह फसल, रोटी, भूख कविता में उनके विद्रोही स्वर दिखाई देते हैं। फसल कविता के माध्यम से जनमानस के वर्ग संघर्ष की पीड़ा को उजागर किए हैं। प्रभात तिवारी ने चोटिया जी के साथ किए हुए गोष्ठियों कवि सम्मेलनों को याद करते हुए अपनी बात रखी। बस्तर बस्तर उपन्यास के लेखक लोकबाबू ने कहा चोटिया जी अपनी बात सामने ही रखना पसंद करते थे। वे मजाक में गंभीर बातों को सामने रख देते थे। वे जनकवि के साथ होम्योपैथी डॉक्टर भी थे। उनकी रचनाओं को युवा साहित्यकारों को जरूर पढ़ना चाहिए। प्रसिद्ध शायर एवं गजलकार अब्दुल सलाम कौसर ने चोटिया जी को याद करते हुए अपनी ग़ज़लें प्रस्तुत की। प्रसिद्ध शायर मुमताज जी ने अपनी नजमे पढ़कर चोटिया जी को याद किया। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने द्वितीय सत्र के काव्य पाठ की अध्यक्षता की। अध्यक्षीय उद्बोधन में चोटिया जी को याद करते हुए अंचल के सम्मिलित साहित्यकारों युवा रचनाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार चोटिया जी ने अपने साहित्य में जनमानस की पीड़ाओं को प्राथमिकता दी वैसे ही एक साहित्यकार के रूप में हम सभी को अपनी लेखनी से वर्ग संघर्ष की पीड़ा को उजागर करना चाहिए। कविता का केवल यह मतलब नहीं की स्वतः सुखाय हेतु लिखा जाए, कविता तो जनमानस की दुख, पीड़ा, भूख उनके परिश्रम की सार्थकता पर लिखा जाए।

कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार इंदौर, गिरीश ठक्कर, कुबेर साहू, यशपाल जँघेल, डॉ.गजेंद्र बघेल, ओमप्रकाश अंकुर, मुकेश रामटेके, रोशन साहू पोषण वर्मा, संकल्प यदु, लखनलाल साहू लहर, आनंद राम साहू, सुषमा शुक्ला, बलराम सिन्हा, कुलेश्वर दास साहू, दोहर दास साहू ने काव्यपाठ किया। इस अवसर पर आत्माराम कोसा, थनवार महिलांगे एवं अंचल के साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रवीण साहू ने एवं आभार प्रदर्शन हरेंद्र कंवर ने किया। इकाई के सचिव पोषण वर्मा ने सृजन संवाद भवन के लिए जिला प्रशासन एवं दिग्विजय महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया है।

# एनबीआईएस बोरी में प्रवेश प्रारंभ, पीडब्ल्यू की कक्षाओं के साथ आईआईटी, जेईई व नीट की तैयारी




राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी संस्था नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी विगत नौ वर्षों से शैक्षणिक कार्य हेतु संकल्पित है। इसी कड़ी में नये शिक्षा सत्र 2025-26 में अपने नये कलेवर के साथ उपस्थित है। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष नये शिक्षा सत्र से शाला में फिजिक्स वाला की नियमित कक्षाएं जारी है, जिसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक बच्चों को नियमित पढ़ाई के साथ आईआईटी, जेईई व नीट के फाउंडेशन कोर्स कराये जा रहें हैं। आठवीं, नवमी व दसवीं में फाउंडेशन कोर्स तथा ग्यारहवीं, बारहवीं में आईआईटी, जेईई, नीट की तैयारी भी करायी जायेगी। पीडब्ल्यू की कक्षाओं में प्रवेश लेने हेतु विशेष छूट भी संस्था द्वारा दिया जा रहा है। विशेषकर कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पीडब्ल्यू की फीस में 25 प्रतिशत तथा संस्था के प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट है।

इसी तरह 80 से 90 प्रतिशत प्राप्त होने पर पीडब्ल्यू की फीस में 25 प्रतिशत तथा प्रवेश शुल्क में 75 प्रतिशत की छूट है। 70 से 80 प्रतिशत प्राप्त विद्यार्थियों को पीडब्ल्यू की फीस में 25 प्रतिशत तथा प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है। पीडब्ल्यू की कक्षाएं हेतु भिलाई से विशेष शिक्षक शाला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पीडब्ल्यू की कक्षाएं हेतु सीमित सीटें हैं। श्री बाजपेयी ने आगे कहा कि वर्तमान में एनबीआईएस, बोरी में नर्सरी से बारहवीं तक की नियमित कक्षाएं जारी है। ग्यारहवीं में गणित, विज्ञान, वाणिज्य के साथ इस वर्ष से कला संकाय (आर्ट्स) को भी पालकों की विशेष मांग पर जोड़ा गया है। शाला में अनुभवी दक्ष शिक्षकों के द्वारा शैक्षणिक कार्य को गति दी जा रही है।

# बख्तावर चाल में चोरों ने बोला धावा, सोने- चांदी के गहने सहित हजारों के नकदी पर किया हाथ साफ

**सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस, बख्तावर चाल में हुई चोरी की घटना से रहवासियों ने दहशत**



राजनांदगांव (दावा)। बकरीद मनाने अपने रिस्तेदार के यहां जाना एक मुस्लिम परिवार को घाटे का सौदा हो गया। परिवार के लोगों के घर से जाते हैं चोरों ने उसके घर धावा बोल दिया और दरवाजे का ताला व आलमारी आदि तोड़ कर इसमें रखें सोने-चांदी की गहने/जेवर व 40- 50 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गए। मुस्लिम फैमिली के दूसरे दिन सुबह लगभग 10 बजे वापिस घर आने पर पता चला कि उनके घर चोरों ने हाथ मार दिया है। बख्तावर चाल में हुई उक्त चोरी की घटनाएं से आसपास के रहवासियों ने दहशत व्याप्त हो गई है।

घटना के संबंध में मुस्लिम परिवार द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है।

### पीछे के दीवाल फांद कर घुसे चोर

तुलसीपुर वार्ड के बख्तावर चाल निवासी मोहम्मद शाहरुख खान पिता मरहूम कबीर खान ने बताया कि 7 जून को परिवार सहित घर में बकरीद त्योहार मनाने के बाद शाम को अपने मामा के यहां कुरबानी के लिए बांधा बाजार चलें गए। दूसरे दिन वापस आए तो घर के सामने के दरवाजे में ताला सहीं सलामत लगा हुआ था। लेकिन घर के भीतर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर घर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त व पूरी तरह बिखरा हुआ था। दोनों आलमारियां खुली हुई थी आलमारी के सामान बाहर बिखरे हुए पड़े थे। आलमारी के लाकर खोलकर देखें जाने से साढ़े 4 तोलें के सोने के जेवरात जिसमें नेकलेस, चैन अंगूठी,टाप्स आदि के अलावा पुरुषों के पहनने के टाइटन घड़ियां व बच्चों के चांदी के 10 जोड़ी पायल, बिछिया, अंगूठी आदि गहने सहित आलमारी में रखे लगभग 40 - 50 हजार रुपए गायब पाए गए। यही नहीं चोरो ने घर में नहाने के लिए रखे साबून शैंपू, टूथपेस्ट आदि भी लेकर चले गए।

मो. शाहरुख का कहना है कि चोरों ने संभवतःपहले ही यह योजना बना ली थी। उन्होंने बताया कि चोर पीछे की दीवाल फांद कर घर के अंदर घुसे और बड़े मजे से चोरी कार्य को अंजाम दिया।

उनके घर की छत पर ख़ाने- पीने की चीज पड़े होने पर अंदेशा लगाया जा रहा था कि चोरों ने यहां आराम से बैठकर पार्टी मनाई होगी लेकिन बाद में पता चला कि हवा-तूफान आने के चलते पड़ोसी के यहां से उक्त चीजें व प्लेट आदि उड़कर उनके छत पर आ गए थे।

बहरहाल शाहरुख खान ने उनके घर हुई लाखों क गई चोरी के संबंध में कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। वहीं पुलिस वालों द्वारा उसे आश्वासन भी दिया गया है कि जल्द ही चोरों को ढूंढ लिया जाएगा। फिलहाल कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस चोरों की पता साजी में जुटी हुई है। घटना स्थल बख्तावर चाल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## अनमोल दावा

> **पूर्णता के साथ किसी और के जीवन की नकल कर जीने की तुलना में अपने आप को पहचानकर अपूर्ण रूप से जीना बेहतर है।**

# तीसरे कार्यकाल का पहला साल विकास और जनकल्याणकारी नीतियों की सफलता

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष जैसे राजनीतिक वातावरण में पूरा होने जा रहा है, वह इसलिए अधिक उल्लेखनीय है, क्योंकि जब इस सरकार ने अपनी तीसरी पारी शुरू की थी तब राजनीतिक माहौल बिल्कुल विपरीत था। ऐसा इसलिए था, क्योंकि भाजपा अपने बलबूते बहुमत हासिल नहीं कर सकी थी और उसे सरकार गठन के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर होना पड़ा था।

इसके चलते यह माना गया कि मोदी सरकार अपने पहले और दूसरे कार्यकाल की तरह बड़े और साहसिक फैसले नहीं ले पाएगी और उसे कई विषयों पर गठबंधन के घटक दलों और विशेष रूप से जदयू और तेलुगु देसम के दबाव-प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है।

एक साल के कार्यकाल ने इस धारणा को ध्वस्त करते हुए यही स्पष्ट किया कि भाजपा भले ही 240 सीटों तक सीमित रही हो, लेकिन मोदी सरकार अपने एजेंडे को लागू करने के लिए पहले की ही तरह प्रतिबद्ध है। इसका एक बड़ा उदाहरण वक्फ संशोधन विधेयक को कानून का रूप देना है।भाजपा सहयोगी दलों को विश्वास में लेकर वक्फ कानून में संशोधन के अपने एजेंडे को लेकर आगे बढ़ी और उसे पूरा भी कर दिखाया। इसी तरह वह लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के अपने एजेंडे पर आगे बढ़ रही है। अब यह भी स्पष्ट हो गया है कि देश को अगले वर्ष मार्च तक माओवाद से मुक्त करा लिया जाएगा।

मोदी सरकार किस तरह साहसिक फैसले लेने में समर्थ है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण है आपरेशन सिंदूर। पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकियों की ओर से 26 लोगों की जघन्य हत्या के बाद भारतीय सेना ने जिस तरह पहले पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को तबाह किया और फिर उसके कई प्रमुख एयरबेस ध्वस्त कर दिए, वह सचमुच अकल्पनीय सैन्य कार्रवाई है। मोदी के नेतृत्व वाला भारत ऐसी कठोर कार्रवाई करेगा, इसकी कल्पना न तो पाकिस्तान ने की होगी और न ही विश्व समुदाय ने।

मोदी सरकार ने देश और दुनिया को दिखाया कि भारत को आतंकवाद से लड़ना आता है। इसका एक और प्रमाण पाकिस्तान से किए गए सिंधु जल समझौते को स्थगित करना भी है। तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा होते-होते जिस तरह यह खबर आई कि भारत पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ लोगों को अति निर्धनता से उबारने में सफल रहा, वह इस सरकार की विकास और जनकल्याणकारी नीतियों की सफलता का ही परिचायक है। इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट है कि भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने ही वाला है। इस सबका यह मतलब नहीं कि मोदी सरकार के समक्ष कहीं कोई चुनौती नहीं है और देश सभी समस्याओं से मुक्त हो चुका है, लेकिन इतना तो है ही कि विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस को इस सरकार की रीति-नीति की आलोचना करते समय अपने घनघोर नकारात्मक रवैये का परित्याग करना होगा।

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो

**- ललित गर्ग -**



भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के ग्यारह स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है।

डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिये भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गतिविधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामाजिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है।



आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं।

भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया था। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। अब तक जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते थे, वे सत्ता प्राप्त कर सकते थे। लेकिन अब मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयत्न कर रही है। मोदी सरकार की तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने गरीब वर्ग को लाभान्वित किया है। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान, समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से : दिल के चिह्न के साथ युवती ने कवि को भेजा अपना संदेश

**योगेंद्र कुमार पांडेय**



आजकल वाइस टाईपिंग का जमाना है। पुराने की - पैड वाले फोन पर एक-एक अक्षर ढूंढ़कर टाईप करना होता था। इसके बाद टच स्क्रीन वाले फोनों का जमाना आया। इसमें टाईप करने के लिए स्वतःही की - बोर्ड प्रकट हो जाता है। यह फोन सामान्य कॉल के साथ इंटरनेट, ब्लूटूथ और अन्य अनेक सुविधाओं से युक्त होता है। यह स्वाभाविक है कि फोन पर टाईप करने में समय लगेगा। इसलिए अब वाइस टाइपिंग का जमाना है।बस माईक शुरु कर बोलते जाएँ और सब स्वतः ही टाईप होता जाएगा। अब लंबे-लंबे वाक्य चंद सेकंडों में टाईप हो जाते हैं। इसमें जितना शुद्ध उच्चारण होगा, वाईस टाईपिंग में वर्तनी उतनी ही शुद्ध रहेगी, अन्यथा त्रुटिपूर्ण शब्दों को सुधारने में भी समय लगने लगता है।

कई बार ऐसा होता है कि आप जितना भी शुद्ध उच्चारण करें, कुछ शब्द गलत टंकित हो जाते हैं और विचित्र स्थितियाँ बन जाती हैं।

कवि कुमार कल शाम एक युवती प्रशंसक से सोशल मीडिया चैट पर थे। वह कवि कुमार की नई कविता पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही थी।

''कुमार जी, क्या कविता लिखी है आपने। सीधे हृदय को स्पर्श करने वाली कविता है।'' युवती ने लिखा।

कवि कुमार लिखना चाहते थे, ''आपकी श्रेष्ठ प्रतिक्रियाओं से ऐसा संभव हो पाता है।''

इस वाक्य में प्रतिक्रियाओं के स्थान पर त्रुटिवश ''प्रेमक्रियाओं'' शब्द टंकित हो गया था और...''आप की प्रेमक्रियाओं..'' ऐसा वाक्य प्रेषित भी हो गया। कवि जी ने संदेश का प्रत्युत्तर भेजने से पूर्व शब्दों की जाँच नहीं की थी।

बाद में भी कवि का ध्यान अपने मोबाइल पर नहीं गया। अपनी गलती का पता कवि को तब लगा जब उस युवती का दिल की इमोजी के साथ प्रत्युत्तर आ गया, जिसमें लिखा था,''कवि जी! आपकी व्यक्त प्रेम भावनाओं के लिए धन्यवाद, यू नो, मुझे खुशी है कि आपकी इन कविताओं के पीछे मेरा प्रेम है,पर प्रेम क्रियाओं वाली बात मुझे अटपटी लगी। (इस पंक्ति के साथ शर्माने की इमोजी लगी थी।)

कवि जी इस संदेश को पाकर सकते में आ गए। वे इसके उत्तर में टंकण त्रुटि वाला सुधार संदेश टाइप कर ही रहे थे कि पत्नी रिमझिम जी अचानक प्रकट हो गईं। उन्होंने कवि के हाथ से मोबाइल कुछ यूँ छीना, जैसे वे चोरी करते हुए पकड़े गए हों।

कवि का त्रुटिपूर्ण संदेश और उस युवती की दिल और शर्माने वाली इमोजी को पढ़कर रिमझिम का पारा चढ़ गया। इसके बाद आगे क्या हुआ होगा, पाठक स्वयं इसकी कल्पना कर सकते हैं।

## सामयिक चर्चा

# यार! तुम शादी मत करना

अखबार पढ़कर,
विचलित होकर, बानी बोले -
''सुनिए गजाधर! आज एक दुःखद खबर -
सीपत बलौदा निवासी 27 वर्षीय आनंद देवांगन ने
दाधापारा रेल्वे स्टेशन के नदजीक
अपनी जान दे दी,
माल गाड़ी के सामने कूदकर!
इसके पहले उसने वीडियो बनाकर
यू-ट्यूब पर अपलोड किया।
इसमें उसने पत्नी और
ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगया।
फिर न्याय पाने के लिए
उसने कानून और समाज
सभी का दरवाजा खटखटाया।
पर मालूम गजाधर!
कहीं से भी न्याय न मिलने पर
उसने आत्महत्या का रास्ता चुना।''
गजाधर बोले गंभीर होकर -''बानी!
आनंद देवांगन ने किशोर कुमार का
वह फिल्म गाना नहीं सुना
कि ''कुएँ में....कुएँ में कूद के मर जाना
यार! तुम शादी मत करना ।''
तो मेरे भैया बानी!
आनंद ने किशोर कुमार की बात
मान ली होती, तो उसे फिर
ट्रेन के सामने कूदने की
न होती परेशानी ।''



गिरीश बख्शी

## चिंता पर्यावरण की

# कटेंगे 15000 पेड़

कल हम विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह पेड़ लगाने का अभियान चलाया लेकिन 19 तारीख की दैनिक भास्कर में खबर छपी थी कि राजनांदगांव से खैरागढ़ मानपुर तक की सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी और इसके लिए सड़क किनारे लगे 15000 पेड़ काटे जाएंगे इस खबर से इस खबर को पढ़कर मन बड़ा विचलित है पेड़ों को छोटे बच्चों की तरह पाला जाता है तब कहीं जाकर विशाल वृक्ष बनने में सालों लग जाते हैं पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है कि हम इसे तीन गुना पेड़ ज्यादा लगाएंगे लेकिन मैं जिस क्षेत्र में रहती हूं वहां भी पेड़ कटे हैं लेकिन 5 से 7 वर्ष गुजर गए विभाग ने एक भी पेड़ नहीं लगाया है चौड़ी चौड़ी सड़के मगर सु नी है राहगीर भी छांव की तलाश करता है आप पेड़ काटकर उन चिड़ियों के कीड़े मकोड़े के घर को उजाड़ने में लगे हैं कहां जाएंगे यह पक्षी कहां पर कहां पर अपना घोंसला बनाएंगे पेड़ों को काटने का मतलब है हम ऑक्सीजन और पानी को इस धरती से समाप्त करने में लगे हैं शासन की एक दलील होती है कि सड़कों के सामने पेड़ आएंगे तो दुर्घटनाएं होगी लेकिन मैं पूछता हूं कि दुर्घटना है तो इंसानों की लापरवाही से होती है ना कि पेड़ों की वजह से आप आंख बंद करके देखिए की पक्की पक्की काली-काली चमचमाती सड़कों के बीच हरे भरे वृक्ष से सड़कों की सुंदरता कई गुना बढ़ती हुई दिखाई देती है वही बिना वृक्ष के सड़के सुनी सुनी और उदास दिखाई देती है राह चलने वालों को भी बड़ी ग्लानि महसूस होती है क्यों हमको पेड़ों को बचाने के लिए आंदोलन करना पड़ता है शासन प्रशासन को कानून वीडियो को तो एक सख्त कानून बना देना चाहिए कि सड़क बनाएं मकान बनाए लेकिन वृक्ष काटना हर हाल में माना है एक तरफ तो हम पर्यावरण दिवस मना रहे हैं और दूसरी और पेड़ काट रहे हैं पेड़ ना होंगे तो इंसान भी नहीं होंगे तो इन सड़कों पर कौन चलेगा प्रकृति हमारी मां है वह रो रही है हम प्रकृति का श्रृंगार छीन रहे हैं धरती मां पर हम अत्याचार कर रहे हैं रासायनिक खाद से उसका शरीर जल रहे हैं जब हम खेतों से गुजरते हैं तो खेतों में सिर्फ ठूंठ टूट नजर आता है

एक घटना से मैं आप सब का ध्यान चाहूंगी जब हमारे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की जी की भयंकर सड़क दुर्घटना हुई थी जिसकी वजह से भी व्हीलचेयर में आ गए थे तथा बड़ी मुश्किल से जान बची थी और जान बचाने वाला सड़क के किनारे लगा एक पेड़ था उसे पेड़ ने उसकी कर को पलटने से बचा लिया था बाद में श्रीमती रेणु जोगी जी वहां जाकर उसे वृक्ष की पूजा अर्चना भी की थी मैं शासन प्रशासन से एक निवेदन करना चाहूंगी कि चाहे तो हमारे पेड़ काटने से बच सकते हैं उसका विकल्प भी है वह यह है की भलाई की एक संस्था ने कोलकाता से एक मशीन मंगवाई थी यह मशीन बड़े से बड़े पुराने वृक्षों को जड़ से उखड़कर पहले तैयार गड्ढे में शिफ्ट कर देती है और थोड़े दिनों की देखभाल से फिर से वह वृक्ष हरा भरा हो जाता है यदि हम यूट्यूब में जाकर मोबाइल में सर्च करें तो यह मशीन हमें पेड़ों को शिफ्ट करती हुई दिखाई पड़ता है मैं सभी पर्यावरण प्रेमियों से निवेदन करती हूं कि हमें अपने पेड़ों को हर हाल में काटने से बचना होगा वरना प्रकृति के प्रकोप से हम कोई नहीं बच पाएंगे यह कैसा विकास हम चाह रहे हैं जिससे हमारा प्रकृति का नुकसान हो रहा है जिसकी भरपाई करना भविष्य में बहुत ही मुश्किल होगा हम सब संकल्पित हो कि हम सब प्रकृति मां की आंखों में भारत मां की आंखों में आंसू नहीं आने देंगे।



श्रीमती शीला सोनी
राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका
घुमका, जिला - राजनांदगांव छत्तीसगढ़

## कविता

# वैश्विक संदेश

बूत नहीं है भारत अब,
प्रबुद्धों का देश है,
बदले इसके रंग-ढंग,
बदले इसके परिवेश है।
बुरी नजर वालों को अब,
घर घूस के मारता है,
आपरेशन सिंदूर इसका,
वैश्विक संदेश है।।
चीन ने आंख दिखाई,
पर कर दिया डोकलाम,
हते हमारे सैनिक पर कुछ
कर दिया उनका काम तमाम।
पाक ने आंख दिखाई तो
घर घुसकर मारा है,
कारगिल, आपरेशन सिंदूर,
कर दिया सैनिको के नाम।
डर कर घबराने लगे,
अब हमारे दुश्मन देश है।।
आपरेशन सिंदूर.....
देश का नेतृत्व हो सही हाथों में,
तो, देश प्रगति कर जाता है,
साहस, शौर्य, आयुध संपन्नता
अच्छे-अच्छों को घबराता है
आंख उठा देख,
हिम्मत नहीं करता,
नाम सुन ही घबराता है।
हिम्मत ऐसे करने वाले,
अलग-थलग पड़ जाता है।
परिणाम सोंच-घबराकर
कर देता संधि पेश है।।
आपरेशन सिंदूर....
बड़े-बड़े देश आहें भरता,
देख बढ़ते शीर्ष पे भारत को,
शक्ति सम्पन्न, नहीं रहे विपन्न,
अब, दिया बढ़ावा, तिजारत को,
बेंच रहे हम, बड़े-बड़े आयुध,
तज विरोधियों के हिकारत को
देश पहले है, हम है बाद में
छोड़ पीछे सभी गारद को
यही बात उनको चूभती है
लगती विरोधियों को ठेस है।।
आपरेशन सिंदूर....
सुहागिनों की मांग उजाड़ा,
मिट्टी में मिला दिए हम,
आतंक को प्रश्रय देने वालों को
अच्छा सिला दिए हम।
अब न होगी, हिम्मत तकने की,
बनाया ऐसा ढंग-भेष है।।
आपरेशन सिंदूर....
जयचंद कुछ है, देश में,
उन पर कड़ी नजर है,
मीर जाफरों की पैदाइशी पर
टूट रहा, कहर है।
पाक-चीन प्रेमियों को
चिन्हित कर रहे, देशवासी
राष्ट्र प्रेम और देश भक्ति की
उमड़ी देश में लहर है।
तिरंगा यात्रा, देशहित जात्रा,
कर रहे देशवासी पेश है।।
आपरेशन सिंदूर, चलाकर हमने
दिया वैश्विक संदेश है।।



आत्माराम कोशा 'अमात्य'
राजनांदगांव

## राशिफल

**मेष**
आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आज के सारे काम आसानी से पूरे हो जाऐंगे। साथ ही अपने भविष्य के लिए एक योजना बनाऐंगे और सोच-विचार करेंगे। आज ज्यादातर आपका समय परिवार वालों और दोस्तों की इच्छाओं को पूरा करने में निकल जाएगा। इस राशि के बिजनेस पर्सन आज कुछ रसूखदार लोगों से मिल सकते है।

**वृष राशि**
आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, हो सकता है सफलता मिल जाए। इस राशि के बेरोजगार बैठे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर मिलने के चांस बन रहे है।

**मिथुन**
आपके लिए दिन अच्छा रहेगा। पहले से बनाई हुई योजनाओं के पूरा होने के योग बन रहे है, साथ ही नए काम की योजना बना सकते है। आज आप रिश्तों के प्रति भावना से परिपूर्ण रहोगे, हो सकता है कहीं बाहर घूमने की प्लानिंग भी बन जाए। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज ऑफिस में किसी पुरानी गलती के कारण डांट पड़ सकती है और काम का प्रेशर ज्यादा हो सकता है।

**कर्क**
आज मेहनत से करे हुए सारे काम पूरे होंगे। बिजनेस के मामले में थोड़ी-सी सावधानी बरतें। आज आपका कोई दोस्त आपसे किसी जरुरी दस्तावेज पर साइन करवाने आ सकते है, बेहतर होगा साइन करने से पहले दस्तावेज को अच्छे से पढ़ लें। और जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें। बिजनेस में जोखिम भरे सौदे करने से बचना होगा।

**सिंह**
आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा। पहले की किसी पूरानी कविता के कारण आपको कॉलेज में पुरस्कार भी मिल सकता है। इस राशि के जो स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई विदेश में करना चाहते हैं, अपनी पढ़ाई के मामले में विदेशी यूनिवर्सिटी से बातचीत करने के लिए आज अच्छा दिन है। साथ ही परिवार और दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या**
आज का दिन आपका खुशनुमा रहेगा। आज बिजनेस के मामले में नजदीकी दोस्त से समय पर आपको मदद मिल जाएगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के अविवाहित लोगों के लिए आज रिश्ते आ सकते है, हो सकता है कि शादी फिक्स भी हो जाए। आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा।

**तुला**
आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ और उम्मीदें भी ज्यादा रहेंगी। आज ऑफिस में काम का टारगेट पूरा होने से बॉस आपसे खुश होकर आपको कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। साथ ही आपको नए अवसर मिलने के चांस बन रहे हैं। टीचर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज आपका प्रमोशन हो सकता है। दोस्तों के साथ बाहर के मौसम का लुफ्ट उठाओगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन दुख और सुख से मिला-जुला रहेगा। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तर पहुंचाने में मदद करेगा। राजनीति में आप सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आज यात्रा कुछ ज्यादा होने की वजह से थकान महसूस करेंगे।

**धनु**
आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हु ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेगें तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अंदरूनी ताक़त कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। आज उन लोगों से सावधान रहें जो आपको ग़लत राह पर ले जाने की सोचते हैं। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस से आपको डांट पड़ सकती है। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर जल्दी गुस्सा करने से बचें। आज पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। कलात्मक कार्यों में आज आपकी रूचि बढ़ेगी।

**कुंभ**
आज आपका दिन राहत पूर्ण रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वाले कवियों के लिए आज का दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिभा के लिए पुरस्कार भी मिल सकते है। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन शुभ है। आज आप अपने साथी से मन की बात कर उन्हें कही घूमाने ले जा सकते है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि वाले अगर आज नई योजनाएं शुरू करना चाह रहें है तो उसे टाले नहीं शुरू कर दें। आज आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। नौकरीपेशा वाले लोगों को आज अपने सहकर्मियों का पूर्ण योगदान प्राप्त होगा। आज आप पास आये नए मौकों को हाथ से न जाने दें।

# रोजगार गारंटी कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग

डोंगरगढ़(दावा)। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कार्य में मजदूरी कार्य के स्थान पर जेसीबी मशीन के उपयोग का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम बोर तलाव पंचायत के बैगा टोला में स्थित तालाब गहरीकरण कार्य के लिए शासन द्वारा 9 लाख रुपए की स्वीकृत प्रदान की गई थी। तालाब गहरीकरण के कार्य में निर्माण एजेंसी, रोजगार सहायक, सचिव, तकनीकी सहायक द्वारा मजदूरों के साथ मिलकर मजदूरी कार्य के स्थान पर जेसीबी मशीन का उपयोग विगत अनेक दिनों से किया जा रहा था।

जिसे लेकर कार्य स्थल बोरतलाव रिपोर्टिंग करने गए प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों पर कार्यस्थल पर मौजूद मेट की उपस्थिति में मजदूरों द्वारा समाचार प्रकाशन को लेकर आपत्तिजनक वाद-विवाद करने की जानकारी सामने आई है। मीडिया कवरेज करने गए मीडिया के साथियों को लगभग सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला मजदूरों ने चारों ओर से घेर लिया था और उन पर समाचार और वीडियो नहीं बनाने का दबाव बनाया जा रहा था। नहीं तो देख लेने की धमकी दी जा रही थी। इन सबके बावजूद मीडिया के साथियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कार्य स्थल पर आपत्तिजनक कार्य का वीडियो बनाया। जिसे संबंधित अधिकारियों को भेजा गया। ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

**○ बिना एग्रीमेंट के पंचायत कर्मियों द्वारा कार्य कराया गया - सरपंच**
**○ नियम विरुद्ध कार्य करवाने वालों पर होगी कार्रवाई - विजय प्रताप सिंह**



### एसडीओपी से सुरक्षा की मांग की न्यूज़ रिपोर्टरों ने

अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित पत्रकार साथियों द्वारा एसडीओपी डोंगरगढ़ के समक्ष भविष्य में समाचार कवरेज के दौरान सुरक्षा की मांग की गई है। मीडिया कवरेज के दौरान मजदूरी कार्य के स्थान पर मशीन से कार्य कराने वाले मजदूरों ने चारों ओर से न्यूज़ रिपोर्टरों को घेर लिया था। उन्हें फोटोग्राफी करने से लेकर वीडियो बनाने तक में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### आपराधिक कृत्य करने वालों पर होगी कार्रवाई - मनरेगा अधिकारी

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के कार्यक्रम अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जांच टीम बनाने एवं जल्द ही जांच पूर्ण करने की बात कही है। प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर श्री सिंह का कहना है कि मामला गंभीर होने के कारण संबंधित लोगों पर नियमानुसार करवाई की जाएगी।

### बिना एग्रीमेंट के कार्य कराया जा रहा था - सरपंच

ग्राम पंचायत बोरतलाव के सरपंच कैलाश उइके ने कहा है कि कार्य को लेकर मैने कोई एग्रीमेंट नहीं किया है। श्री उईके का कहना है कि, कार्य रोजगार सहायक और मेट की जिम्मेदारी में कराया जा रहा था। वही रोजगार सहायक का कहना है कि मुझे कार्य के दौरान जेसीबी मशीन चलाए जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### मनरेगा अधिनियम में कड़ा कानून

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा अधिनियम के तहत मजदूरी कार्य के स्थान पर मशीन का उपयोग करते पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।अब देखना है कि बिना एग्रीमेंट के कार्य कराने वाले संबंधित कर्मचारियों पर प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

# भाजपा मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी के समस्त मंडलों में संगठन विस्तार की घोषणा

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह तथा संगठन महामंत्री पवन साय के सहमति से जिला अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह के द्वारा जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत नवगठित मंडल समिति की घोषणा की गई है।

संगठन की रीढ़ माने जाने वाले मंडल स्तर के समर्पित कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए हमें गर्व है। सभी नवनियुक्त अध्यक्षों एवं उनकी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

नवनियुक्त पदाधिकारी के नाम मंडल अंबागढ़ चौकी अंबागढ़ चौकी मंडल से मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, महामंत्री- चंदन उपाध्याय, विमल यादव, उपाध्यक्ष-गयादास साहू, रामाधार हिरवानी, तीजन मानिकपुरी, योगमाया साहू, कोषाध्यक्ष- देवनारायण कुंभकार, मंत्री धनीराम मंडावी, अमर खोब्रागड़े, लता मंडावी, सुशीला रावटे को नवीन दायित्व दिया गया है।

मंडल कौड़ीकसा में अध्यक्ष संदीप साहू, महामंत्री झनक सोनवानी, मनोज कोरटिया, उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी कुल्हरा, श्रीमती नीलिमा ठाकुर, रामचंद सिन्हा, गेंदालाल साहु, कोषाध्यक्ष, भूपेंद्र कोर्राम, मंत्री सदल सिंह सलामे, वामेश यादव, श्रीमति मीना वैध, श्रीमती हुमेश्वरी मंडावी को नवीन दायित्व दिया गया। मोहला मंडल में अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज नेताम, सदानंद तारम, उपाध्यक्ष सुनीता जुरेशिया, गेंदकुवर ठाकुर, धर्मेन्द साहू, नारायण कोरेटी, मंत्री लल्लू राम यादव, धनेश यादव, प्रमिला डहरे, अनिता जायसवाल, कोषाध्यक्ष सुनील पिल्ले को नवीन दायित्व दिया गया

गोटाटोला मंडल से अध्यक्ष कमल तापड़िया, महामंत्री राजू डोंगरे, भावेश ठाकुर, उपाध्यक्ष बरन सुधाकर, मदन साहू, श्रीमती पुष्पा शर्मा, श्रीमती इंद्रा मंडावी, मंत्री मोहनलाल अलेंद्र, रामस्वरूप कोसमा, श्रीमती शशिकला कोटेन्द्र, श्रीमती अहिल्या उइके, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल जायसवाल को नवीन दायित्व दिया गया। मानपुर मंडल से मंडल अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा महामंत्री घनश्याम कड़ियाम, भारती माहौर, उपाध्यक्ष देवप्रसाद सलामे, यशवंत पटेल, कमल नारायण कोमा, श्रीमती रेशमा मंडावी, मंत्री राजू सेन, कमलेश पूरामे, श्रीमती नीतू परचापी, श्रीमति निकिता सलामे, कोषाध्यक्ष विकास जैन को नियुक्त किया गया।

औंधी मंडल से अध्यक्ष सुश्री कंचनमाला भूआर्य, महामंत्री जटाशंकर मिश्रा, हरिराम जूनघरे, उपाध्यक्ष मंगतूराम कोमरे, श्रीमती अन्नपूर्णा बंडवारे, सुश्री कांति तारम, मदनलाल कृपाल, मंत्री श्रीमती सीतेश्वरी कटिंगल, अर्जुन शेण्डे, कनक राणा, अमित टंडन कोषाध्यक्ष दिलीप साव को नियुक्त किया गया।

सभी पदाधिकारी निष्ठा, ईमानदारी और संगठनात्मक प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे ऐसी शुभकामनाएं दी गई। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ें।

## पहला कॉलम...

### विश्व पर्यावरण दिवस पर मुक्तिधाम में नगर पंचायत ने किया पौधारोपण



अंबागढ़ चौकी (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत द्वारा शिवनाथ मुक्तिधाम में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

छग शासन के निर्देश पर नगरीय निकाय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः नगर पंचायत द्वारा जनजागरूकता रैली निकाल कर किया गया। इसके बाद नगर के शिवनाथ मुक्तिधाम में फल, फूल व छायादार पौधों का रोपण किया गया। मुक्तिधाम में आयोजित सभा में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नागरिकों को पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए लोगों को भावी पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आने का आहवान किया। नगर अध्यक्ष ने कहा की पर्यावरण संरक्षण का कार्य केवल शासन प्रशासन का ही दायित्व नही है। समय की मांग है की हम अपना राष्ट्रीय कर्तव्य को समझे एवं एक अच्छे नागरिक की तरह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आकर कार्य करें। नगर अध्यक्ष ने नागरिको को अपने प्रियजनो की स्मृति में वर्ष में कम से कम एक बार एक पौधा लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सीएमओ विजय पांडेय, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, भाजपा नेता राजेश सिंगी, समाजसेवी मोंटी खंडेलवाल, पार्षद दिलीप कुंभकार, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष रामदयाल साहू, भाजपा नेता मोहन जैन, सतीश खंडेलवाल सहित काफी संख्या में नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थी।

### इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में डॉ. सौमित्र तिवारी ने कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया



**संगीत विश्वविद्यालय को मिला कुलसचिव के रूप में डॉ. सौमित्र तिवारी**

खैरागढ़ (दावा)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर डॉ. सौमित्र तिवारी ने पदभार ग्रहण किया है। डॉ. सौमित्र तिवारी अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में सहायक प्राध्यापक, फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नॉलाजी, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पद पर पदस्थ थे। उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के बाद डॉ. सौमित्र तिवारी ने सोमवार 9 जून को विश्वविद्यालय में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. सौमित्र तिवारी ने कैमिकल इंजीनियरिंग, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से पीएच.डी. (डॉक्टरेट) की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें 13 साल प्राध्यापक का शैक्षणिक अनुभव रहा है,साथ ही 8 वर्ष तक शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के संचालक रह चुके हैं। प्रशासनिक रूप से भंडार, वाहन आदि का प्रभार भी रहा है। आप योग साइंस के विभागाध्यक्ष भी रह चुके हैं तथा जनसंपर्क अधिकारी के रूप में अपका वृहद अनुभव रहा है। आप शिक्षक संघ के संस्थापक के रूप में लंबे समय तक संघ का नेतृत्व भी किये हैं। कुलसचिव का पदभार ग्रहण कर डॉ. सौमित्र तिवारी ने कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय को कुलसचिव मिलने से विश्वविद्यालय की प्रगति और सर्वांगीण विकास में बेहतर योगदान मिलेगा। नवनियुक्त कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी ने कहा कि वें अपनी तन्मयता से अपने अनुभवों का उपयोग विश्वविद्यालय की उन्नति के साथ ही खैरागढ़ को देने की कोशिश करेंगे। मुझे गर्व है कि मैं गौरवशाली विश्वविद्यालय का कुलसचिव बना हूं। नवनियुक्त कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी का विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.डॉ. राजन यादव, साहयक प्राध्यापक डॉ. मंगलानंद झा, साहयक कुलसचिव विजय कुमार सिंह, सहायक प्रध्यापक डॉ. कौस्तुभ रंजन, प्रभारी कुलपति सचिवालय सी.पी. गायकवाड सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।।

# शास. नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 तक



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 में नई शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. (बायो एवं मैथ्स) तथा डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन - प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश हेतु 05 जून से 15 जून तक विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया अभी शुरू नही हुई है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में नियमित (रेगुलर) प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से कर सकते है। 16 जून को बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी तथा डी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर में प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों का अवलोकन कर प्राप्तांको एवं आरक्षण नियमों के आधार पर प्रथम मेरिट सूची जारी की जायेगी। उक्त मेरिट सूची महाविद्यालय के सूचना पटल एवं महाविद्यालय की वेबसाइट में भी उपलब्ध रहेगी, जहां से विद्यार्थी अपना नाम देख सकते है। मेरिट सूची में नाम आने पर संबंधित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन फार्म की हार्डकॉपी और जरूरी दस्तावेजों जैसे - कक्षा 10 वी, 12 वी की अंकसूची की छायाप्रति, जाति, निवास एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय में आकर निर्धारित काउंटर में शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

**○ प्रथम मेरिट सूची 16 जून को होगी प्रकाशित**
**○ महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध**

### महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध

डॉ. रेवती ने बताया कि महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में 330 सीट, बी.कॉम. में 180, बी.एस.सी. बायो में 200, बी.एस.सी. गणित में 150 तथा डी.सी.ए. प्रथम सेमे. में 50 सीट स्वीकृत है। छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रास, स्वीप, क्रीड़ा गतिविधियों, योगा आदि की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु विभागीय गतिविधियों के साथ-साथ उनके कौशल विकास एवं रोजगार मागदर्शन हेतु समय-समय पर कौशल विकास कार्यक्रम तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। साथ ही प्रत्येक विभाग में उच्च शिक्षित प्राध्यापकों के साथ-साथ ग्रंथालय की बेहतर सुविधा उपलब्ध है।

# जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने किया 10 लाख रुपए के विकास कार्यो का भूमिपूजन

**प्राधिकरण व जिला पंचायत विकास निधि से होगा गांव का विकास**



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिथराटोला के आश्रित ग्राम-बरछाटोला में 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने भूमि पूजन किया जिसमें 5.00 लाख रुपए की लागत से पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से सी.सी रोड का निर्माण व 5.00 लाख रुपए की राशि से जिला पंचायत विकास निधि से नाली का निर्माण किया जायेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय का सुशासन है और सुशासन के माध्यम से हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश संवर रहा है। आज ग्राम बरछाटोला में 10 लाख रुपए के लागत से विभिन्न कार्य का भूमिपूजन किया गया है। निश्चित रूप से हम सभी के सहयोग से गांव व क्षेत्र को संवारने का काम करेंगे। विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली कुशल नेतृत्व वाली सरकार में गांव के विकास में कोई कमी नहीं आयेगी। यह निर्माण के पूरा होने से ग्रामवासियों व वार्ड वासियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य उत्तरा निषाद, हेमंत कुमार साहू सरपंच, डरेंद्र कुमार, मुरारी पाल, डूजान कोसमा, छबील वर्मा, गीता बाई, खम्मन वर्मा, मानसिंह वर्मा, हिरेंद्र वर्मा, बिरेन्द्र वर्मा, मोतीराम पाल समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अर्जुनी में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में विभा साहू हुई शामिल



डोंगरगाँव (दावा)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र स्थित ग्राम अर्जुनी में युवा पलटन समिति एवं समस्त ग्रामवासी अर्जुनी द्वारा एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राम मंदिर प्रांगण में किया गया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पल्टन युवा समिति के संरक्षक कौशल किशोर साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू, अध्यक्षता जनपद सदस्य रेशम साहू, विशेष अतिथि सरपंच ललिता साहू, सांसद प्रतिनिधि रामेश्वर साहू ने की। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीराम के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों द्वारा गाँव के ही युवा नवदित्य राजपूत कोबरा कमांडो का मोमेंटो एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने दूर दराज़ से आए कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा खेल से शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास तो होता है साथ ही गाँव में कबड्डी खेल का आयोजन कर युवा अपनी परंपरा को जीवंत रखने का बीड़ा उठा रहे है। प्रतियोगिता का समापन मैच मोहगाँव व जवरतला की टीम के बीच हुआ। जिसमें प्रथम स्थान पर मोहगांव की टीम रही वही उप विजेता का खिताब जवरतला की टीम ने हासिल किया। तृतीय स्थान कान है नगर चौकी और चतुर्थ स्थान पर भोड़िया की टीम ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर, बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट ब्लॉकर एवं बेस्ट कैचर का भी पुरस्कार रखा गया था। इस अवसर पर फेरूराम इंदौरिया, भैयालाल साहू, लविन्द्र साहू, देवेंद्र साहू, नागेश धनकर, विजय जैन, यशवंत साहू, जनक साहू, संजय सोनी, मुकेश शर्मा, थलज देवांगन हेमनाथ सोनकर, डेमन धनकर, प्रशांत साहू, रवि साहू, सिद्धु धनकर, दुर्गेश धनकर, रोहित साहू, आकाश ठाकुर, गौरव साहू, करण धनकर, अकास साहू, अमन साहू, शिवम साहू, करन साहू, दीपक साहू, उज्वल साहू, देवेंद्र इन्दोरिया, राहुल देवांगन, फ़िरोज़ निषाद, भावेश सातपुते, समर साहू शैलेश धनकर आदि उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण: प्रदेश में 45000 शिक्षकों के पद हो जाएंगे समाप्त

अंबागढ़ चौकी (दावा)। राज्य में स्कूलों के युक्तियुक्तकरण को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रत्येक जिले में प्रेस कांफ्रेंस करने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में शनिवार को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला में पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस लिया गया। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश के 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए गए है। नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद समाप्त कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद कर दिया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान ने नए सेटअप के अनुसार शिक्षक छात्र अनुपात को बढ़ाया जा रहा है जिसमें 35 छात्रों के बीच 1 शिक्षक को रखा जा रहा है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद समेत हो जाएंगे। नए शिक्षकों की भर्ती को टालने के लिए साय सरकार यह कार्य कर रही है इससे सरकारी शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो जाएगा। इस फैसले का सबसे ज्यादा बड़ा नुकसान बस्तर एवं सरगुजा के बच्चों को होगा जो आगे अपना पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। भुनेश्वर बघेल ने आगे कहा कि स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कूलों से संलग्न हज़ारों रसोइया, स्वीपर, और मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिला, स्वयं सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवनयापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

### मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के साथ होगा अन्याय-इंद्रशाह मंडावी



क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा है कि युक्तियुक्तकरण से हमारे जिले के साथ अन्याय होगा, क्योंकि यहां शिक्षक के बहुत सारे पद और जगह रिक्त है उसके बावजूद जिला प्रशासन के द्वारा पूरे रिक्त जगहों को सूचीबद्ध नहीं किया गया है। जिससे उन रिक्त पद वाले जगहों में शिक्षक जा ही नहीं पाएंगे और पद रिक्त ही रह जाएगा। भाजपा सरकार सेटअप के साथ छेड़छाड़ तो कर ही रही है इसमें कौड़ीकसा में गणित व्याख्याता के दो पदों के बीच एक पद को समाप्त कर दिया गया है। इसी प्रकार कन्या परिसर अं.चौकी जो कि विशेष संस्था है वहां भी बच्चों के दर्जसंख्या का हवाला देकर एक पद को समाप्त कर दिया गया है। अभी कुछ दिनों में प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति होगी जिसमें यही शिक्षक प्राचार्य बन जाए तो फिर इनकी पूर्ति कहां से होगी। कुल मिलाकर सरकार अपने वित्तीय कुप्रबंधन को छुपाने के लिए शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिले में शिक्षकों की संख्या कम है उन्हें भी सेटअप में छेड़छाड़ कर अन्यत्र भेजने की कवायद चल रही है ऐसे में जब जिले को शिक्षक की जरूरत रहेगी तब कहां से शिक्षक लायेंगे, ये विचारणीय है।

**प्रदेश में शिक्षकों के पद समाप्त करने एवं शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने सरकार की साजिश**

जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में शिक्षकों के नौकरी को को खत्म करना चाह रही है साथ ही बच्चों को शिक्षण व्यवस्था में भी बदलाव कर शिक्षा को फट की ओर धकेलने का प्रयास कर रही है। अकेले जिले अतिशेष शिक्षकों की लिस्ट तो बनाई गई पर दिखाई नहीं है इसी प्रकार काउंसलिंग के दौरान रिक्त पदों वाले स्कूलों का दर्शाया ही नहीं गया था। जबकि उन स्कूलों में भी शिक्षकों की जरूरत थी।

### काउंसलिंग के नियमों को ताक में रखकर बनाया गया सूची

जिले के मोहला विकासखंड अंतर्गत रेंगाकठेरा स्कूल में पांच कालखंड होने के बावजूद दो सृजित पद के विरुद्ध वहां के एक पद को समाप्त किया जाकर एक शिक्षक को अतिशेष दिखाया गया है। जबकि यहां पांच कालखंड में पढ़ाई कराया जाना है। जहां सबसे बड़ा खेल यह हुआ है कि यहां वरिष्ठ व्याख्याता को युक्तियुक्तकरण के तहत शामिल किया गया है। जबकि हाई या हायर सेकेंडरी स्कूलों में में स्वीकृत पदों के विरुद्ध एक से अधिक व्याख्याता कार्यरत होने पर दोनों में से जो कनिष्ठ होगा उसे अतिशेष माना जाएगा। रेंगाकठेरा स्कूल में गड़बड़ी किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता से पालन सुनिश्चित किया जाना बताया गया है तथा दोषी पाए जाने पर अधिकारी कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही करना प्रस्तावित है। तो क्या काउंसिलिंग के सूची में वरिष्ठ, कनिष्ठ में अंतर नहीं किया गया है इसका दोषी कौन होगा यह बड़ा सवाल है।

### शिक्षकों ने भी लगाया भेदभाव का आरोप

कई शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत काउंसलिंग में विषय आधारित पदस्थापना एवं वरिष्ठता निर्धारण में त्रुटि का आरोप लगाया है। विषय आधारित काउंसलिंग नहीं किया गया और ना ही विषय आधारित पदस्थापन किया गया है। अतिशेष शिक्षकों को विषय के आधार पर चिन्हांकित किया गया था परंतु जब उन्हें पदस्थ किया गया तब विषय बाध्यता को नजरअंदाज किया गया। वरिष्ठता क्रमांक एवं दिनांक का सही उल्लेख नहीं किया गया है जिससे अनुचित रूप से क्रम विपरीत शिक्षकों को वरीयता दिया गया। काउंसलिंग के पूर्व दावा आपत्ति नहीं लिया गया है जिससे पारदर्शिता में कमी आई है।

# पहला कॉलम...

## ईरान में कुत्तों को टहलाने पर बढ़ाया प्रतिबंध, दी चेतावनी

नई दिल्ली। ईरान के अधिकारियों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामाजिक व्यवस्था और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए देश भर के कई शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को घुमाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। तेहरान स्थित फराज न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन शहरों में प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें करमानशाह, इलम, हमादान, करमान, बोरौजर्ड, रोबत करीम, लवसनात और गोलेस्तान शामिल हैं। इसी तरह के प्रतिबंध सबसे पहले साल 2019 में राजधानी तेहरान में लगाए गए थे। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि कुत्तों को घुमाने से लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। उनका यह भी तर्क है कि कुत्तों को घुमाने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि, उन्होंने इन चिंताओं के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी है। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले कुत्तों के मालिकों पर कार्रवाई कर रहे हैं। लोग अधिकारियों का विरोध भी कर रहे हैं।

ईरानी अखबार एतेमाद ने इलम शहर के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि ÷उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।÷ ईरान के सरकारी अखबार की खबर में कहा गया है कि नए उठाए गए कदमों का मकसद सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना, सुरक्षा सुनिश्चित करना और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

## भारतीय वीर शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष उड़ान आज

नई दिल्ली। दुनिया भर में भारत का मान और गौरव बढ़ाने वाला पल आने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम स्पेस के्x-4 मिशन पर अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार हैं। इस मिशन के साथ भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान में फिर से कदम रखने जा रहा है। शुभांशु शुक्ला 10 जून की शाम भारतीय समयानुसार शाम 5¬52 बजे स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होंगे। 11 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ढ्ढस्स्) से जुड़ेंगे। शुभांशु शुक्ला का यह मिशन राकेश शर्मा की 1984 की ऐतिहासिक यात्रा की याद दिलाता है, जब राकेश शर्मा सोवियत संघ के साथ मिलकर अंतरिक्ष में गए थे। राकेश शर्मा पहले भारतीय थे जो अंतरिक्ष में गए थे। शुभांशु शुक्ला भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन हैं और गगनयान कार्यक्रम के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से भी एक हैं। शुक्ला को साल 2023 में अमेरिका की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने्x-4 मिशन के लिए चुना था। यह मिशन भारत और नासा के बीच सहयोग को दर्शाता है। शुभांशु ने स्पेसएक्स और एक्सिओम स्पेस से खास ट्रेनिंग भी ली है।

## निर्देशक पार्थो घोष का निधन

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में देने वाले चर्चित निर्देशक पार्थो घोष का सोमवार को निधन हो गया। 75 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया तो अलविदा कह दिया। दिल का दौरा पड़ने से पार्थो घोष की जान गई। 9 जून, सोमवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। 1990 और 2000 के दशक में उन्होंने दर्शकों को सस्पेंस, भावनाओं और सामाजिक संदेशों से भरपूर कहानियां दीं। वे खासतौर पर अपनी सुपरहिट फिल्मों च100 डेजज् और चअग्नि साक्षीज् के लिए जाने जाते हैं। एक्ट्रेस ऋतुपर्णा सेनगुप्ता ने उनके निधन की जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि पार्थो के निधन से उनका दिल टूट गया है। 8 जून 1949 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में जन्मे पार्थो घोष का बचपन कला, साहित्य और संगीत के बीच गुजरा। जन्मदिन के ठीक एक दिन बाद ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। बीते दिन अपना जन्मदिन मनाने के बाद आज सुबह उन्होंने दुनिया से विदाई ली। फिल्मों के प्रति उनका लगाव उन्हें मुंबई ले आया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 1985 में बंगाली सिनेमा में एक सहायक निर्देशक के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने हिंदी फिल्मों की ओर रुख किया और निर्देशन की बागडोर संभाली।

## शेयर बाजार में तेजी जारी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रखा. जिसका मुख्य कारण वित्तीय क्षेत्र रहा. पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती और सीआरआर में 100 आधार अंकों की कटौती के बाद निवेशकों ने इस क्षेत्र पर अपना ध्यान केंद्रित किया. इससे उम्मीदें बढ़ गईं कि दोनों कदमों से अर्थव्यवस्था में लोन वसूली और बैंकों की आय में सुधार में मदद मिलेगी. इस बीच निफ्टी बैंक इंडेक्स के सभी 11 इंडेक्स हरे रंग में खुले. जिसमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक जैसे शेयरों में 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई, जिससे इंडेक्स पहली बार 57,000 अंक को पार कर 57,049 पर पहुंच गया, जो लगभग 1 फीसदी ऊपर था, और शुक्रवार के 1.50 फीसदी के लाभ पर बना रहा.

भारतीय केंद्रीय बैंक सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रहा है, जिसमें हाल ही में रेपो और सीआरआर में कटौती के साथ चल रहे आसान उपायों को जोड़ा गया है. आरबीआई ने पिछले पांच महीनों में ओएमओ खरीद के माध्यम से बैंकिंग सिस्टम में 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है. जनवरी के मध्य से ही यह कैश में आई जल्दी गिरावट का मुकाबला करने के लिए धन डाल रहा है।

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता पूजा सिंह ने



नई दिल्ली। जब एथलीट पूजा सिंह ने दक्षिण कोरिया के गामी में 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता, तो पूरी दुनिया देखती रह गई। प्रतियोगिता के इतिहास में महिलाओं की ऊंची कूद में भारत का यह दूसरा पदक था। उनसे पहले, बॉबी एलॉयसियस एशियाई चैंपियनशिप में ऊंची कूद में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला थीं। यह जीत इसलिए भी खास है कि भारत का 25 साल का इंतजार खत्म हो गया। साथ ही पूजा एशियाई ऊंची कुद का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई। पूजा सिंह की स्वर्णिम छलांग इस बात का शानदार उदाहरण है कि दृढ़ संकल्प, परिवार व कोच का साथ किस तरह से जीवन में बदलाव ला सकता है। हरियाणा के एक छोटे-से गांव से एशियाई पोडियम (पदक तालिका में शीर्ष तीन स्थान) के शीर्ष तक की उनकी यात्रा कड़ी मेहनत का प्रतीक है।

पूजा सिंह हरियाणा के बोस्ती गांव के साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनका जन्म एक ऐसी जगह पर हुआ, जहां महिला होना आसान नहीं है, लेकिन पूजा को माता-पिता का साथ मिला। उनके पिता हंसराज भी एक कबड्डी खिलाड़ी बनना चाहते थे, लेकिन परिवार का भरण-पोषण करने के लिए परिस्थितियों ने उन्हें राजमिस्त्री बनने पर मजबूर कर दिया। शुरुआत में वह योग और जिमनास्टिक के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती थीं, इसके लिए दो साल तक ट्रेनिंग भी ली। लेकिन वर्ष 2018 में एक स्थानीय योग शिविर में कोच बलवान सिंह पात्रा से उनकी मुलाकात हुई और उन्होंने ही पूजा को ऊंची कूद में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

गंभीर चोट के कारण पूजा को पंद्रह महीने तक खेल से दूर रहना पड़ा। लेकिन उनका समर्पण अटूट था, इस परिस्थिति में भी उन्होंने अपना हौसला बनाए रखा और ठीक होकर फिर से अभ्यास करने लगीं। इस परिस्थिति ने उन्हें और मजबूत बनाया। उसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय अंडर-16 रिकॉर्ड बनाया और लगातार उनकी रैंकिंग में सुधार होता गया। आखिरकार उन्होंने एशियाई अंडर-18 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और गुमी में 1.89 मीटर की छलांग के साथ अपना खुद का अंडर-20 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोच बलवंत ने पूजा सिंह की एथलेटिक क्षमता और काबिलियत को पहचानते हुए, पूजा को एक हाई जंपर के रूप में प्रशिक्षित करना शुरू किया, लेकिन उनके सामने समस्या यह थी कि जिस अकादमी में पूजा प्रशिक्षण ले रही थीं, वहां खेल की सुविधाएं तो दूर, जंपिंग मैट तक नहीं था। इसकी कमी को पूरा करने के लिए उन्होंने पराली जैसे कृषि अपशिष्ट व घास की बोरियों का इस्तेमाल किया।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के विजेता को मिलेगी बंपर प्राइज मनी



नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा. यह खिताबी भिड़ंत लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान में 11 जून से शुरू होगी. ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है, जिसने 2023 के फाइनल में भारत को 209 रनों से हराया था, दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका पहली बार फाइनल में पहुंची है. ढ्ढष्ठ विजेता के लिए बंपर प्राइज मनी का एलान कर चुका है. यहां जानिए कि चैंपियन टीम को कितना पैसा मिलेगा, वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम इंडिया पर भी पैसे की बारिश होगी या नहीं?

आईसीसी ने ड्ब्ल्ञ्जष्ट 2023-25 के लिए बहुत बड़ा प्राइज पूल रखा है, जो पिछली बार से दोगुना है. विजेता को 30.79 करोड़ रुपये की बंपर प्राइज मनी मिलने वाली है. आपको याद दिला दें कि 2023 की विजेता ऑस्ट्रेलिया को करीब 13.2 करोड़ रुपये की ईनामी राशि मिली थी. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में हारने वाली टीम की भी चांदी निकलने वाली है. उपविजेता टीम को करीब 18.47 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिलने वाली है. भारतीय टीम ने 2021 और 2023, दोनों ड्ब्ल्ञ्जष्ट फाइनल खेले हैं, जहां उसे क्रमशः न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी. टीम इंडिया को 2021 के फाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों 8 विकेट और 2023 में हुए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 209 रनों से हार मिली थी.

# फ्रेंच ओपन खिताब से चूके यानिकसिनर



पेरिस। शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर फ्रेंच ओपन में दमदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में खिताब के बेहद करीब आकर हार का सामना करने से निराश है। गत चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ सिनर के पास चौथे सेट में तीन मैच प्वाइंट थे लेकिन वह इसे भुनाने में नाकाम रहे। दूसरे वरीय और गत विजेता अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को इटली के 23 साल के सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

चौथे सेट में 22 साल के अल्कारेज 3-5 के स्कोर के बाद 0-40 से पीछे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए टाईब्रेकर में 7-6 से जीत हासिल की। सिनर ने मैच गंवाने के बाद कहा, यह एक अद्भुत ट्रॉफी है, इसलिए मैं ठीक से सो नहीं पाऊंगा, लेकिन कोई बात नहीं। जाहिर है, यह निराशाजनक है।%

विज्ञापन

उन्होंने कहा, %मेरे पास अभी कहने के लिए बहुत कुछ नहीं है। मैं हर दिन सुधार करने की कोशिश करता है और मुझे इस बात खुशी है कि खुद को इस तरह की स्थिति में पहुंचा पाया।

# डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला 11 का

नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी फाइनल का इंग्लैंड के ऐतिहासिक क्रिकेट ग्राउंड लॉर्ड्स में मंच सज चुका है। 11 जून से डब्ल्यूटीसी खिताब के लिए ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका फाइनल में आमने-सामने होंगे। साउथ अफ्रीका ने पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई है जबकि ऑस्ट्रेलिया लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने जा रहा है। ऐसे में मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। पहली बार भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल का हिस्सा नहीं हैं, लिहाजा भारतीय फैंस थोड़े निराश हैं, लेकिन फिर भी इस खिताबी मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

डब्ल्यूटीसी फाइनल में कोई भी टीम जीते, नया इतिहास बनना तय है।

# इंग्लैंड में पाकिस्तानी गेंदबाज ने मचाई तबाही : डर्बीशायर की टीम 17.1 में ढेर



नई दिल्ली। टी20 ब्लास्ट 2025 में एक मैच 8 जून को वॉरविकशायर और डर्बीशायर के बीच खेला गया। इस मैच को वॉरविकशायर ने 58 रन से जीत लिया। मैच में डर्बीशायर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए वॉरविकशायर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 199 रन बनाए। इसके जवाब में डर्बीशायर की टीम 17.1 ओवर में 141 रन पर ही ढेर हो गई।

डर्बीशायर की टीम के लिए पाकिस्तान के गेंदबाज हसन अली काल बनकर आए। उन्होंने 19 गेंदों के स्पेल में कुल 6 विकेट चटकाए। इससे पहले उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के पहले मैच में 5 विकेट चटकाए थे। अब वह इंग्लैंड में कहर बरपा रहे हैं। उन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी से विरोधी टीम के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। दरअसल, जब मैच में हसन अली को गेंद सौंपी गई तो उन्होंने अपनी सटीक यॉर्कर, स्विंग और गति के मिश्रण से विरोधी टीम डर्बीशायर के बल्लेबाजों को परेशानी में डाल दिया। उनकी हर गेंद मानो विकेट लेने के इरादे से ही डाली जा रही थी। उन्होंने एक के बाद एक लगातार झटके दिए, जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी ली।

200 रन का पीछा करने उतरी डर्बीशायर की टीम की शुरुआत खराब रही। अनेऊरिन (1) और कालेब (0) पर आउट हुए। डेविड लॉयड 17 रन ही बना सके। कप्तान वेन मैडसेन 46 रन की पारी खेलकर आउट हुए। मैच में 29 रन पर 4 विकेट के खराब शुरुआत के बाद टीम के लिए वापसी का कोई रास्ता नहीं था और उन्हें चार मैचों में अपनी चौथी हार मिली।रॉस व्हाइटली ने 37 गेंदों पर 50 और वेन मैडसेन ने 32 गेंदों पर 46 रन बनाए, लेकिन हसन अली ने कुल 6 विकेट लिए जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी। उनके इस घातक प्रदर्शन के दम पर वॉरविकशायर की टीम को 58 रनों से जीत मिली।

# विराट कोहली ने क्यों लिया टेस्ट क्रिकेट से संन्यास? पूर्व स्पिनर ने बता दी बड़ी वजह



नई दिल्ली। पिछले महीने भारत के 2 दिग्गज क्रिकेटर रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। विराट कोहली के संन्यास से फैंस को सबसे ज्यादा हैरानी हुई। कोहली का संन्यास टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे से लगभग 1 महीने पहले आया। अब जब टीम इंडिया 20 जून से इंग्लैंड में पहला टेस्ट मैच खेलने उतरेगी तो फैंस को विराट कोहली की कमी बहुत ज्यादा खलेगी।

विराट कोहली के संन्यास पर वैसे तो कई दिग्गज क्रिकेटर अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं, लेकिन अब एक पूर्व क्रिकेटर का बड़ा बयान सामने आया है, जिसमें संन्यास की बड़ी वजह बताई गई है। दरअसल, इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने बताया है कि आखिर क्यों विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट लेना पड़ा। पनेसर का मानना है कि कोहली लंबे समय से ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर जूझ रहे थे और इस समस्या का हल न निकाल पाने के कारण उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया। पनेसर ने कहा कि कोहली को ऑस्ट्रेलिया जैसी तेज और उछाल भरी पिचों पर भी पांचवें स्टंप की लाइन पर लगातार दिक्कतें आईं। उन्हें लगा कि इंग्लैंड में गेंद और ज्यादा स्विंग करेगी और ऐसी परिस्थितियों में उनके लिए दिक्कतें और बढ़ सकती है। इसी वजह से संभवतः कोहली ने महसूस किया होगा कि टेस्ट क्रिकेट को अब अलविदा कह देना चाहिए और पूरा ध्यान वनडे क्रिकेट और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पर लगाना चाहिए।

पूर्व इंग्लिश स्पिनर ने कहा कि 2018 में कोहली ने इंग्लैंड में जबरदस्त वापसी की थी, लेकिन इस बार वो हालात अलग थे। करियर के इस पड़ाव पर फिर से वैसा करना स्वाभाविक रूप से काफी कठिन हो जाता है। पनेसर ने आगे कहा कि उन्हें लगता है कि कोहली ने तीनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने सब कुछ हासिल किया है और शायद उन्हें लगता है कि युवाओं के लिए आगे आने का समय आ गया है। टेस्ट क्रिकेट छोड़ने से पहले विराट कोहली ने पिछले साल टी 20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# रोनाल्डो लेंगे संन्यास?

नई दिल्ली। फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने देश पुर्तगाल को नेशंस लीग जिता दी है. इस जीत के बाद रोनाल्डो भावुक हो गए. पैनल्टी शूटआउट में अपनी टीम के खिलाड़ी के आखिरी गोल करने के बाद ही रोनाल्डो की आंखों से खुशी के आंसू बहने लगे. रोनाल्डो ने कहा कि देश के लिए कप जीतना, सबसे बड़ा कप हासिल करना है. क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने नेशंस लीग जीतने के बाद कप उठाते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटो शेयर की हैं. रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए ये टूर्नामेंट जीतने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि आप सभी जानते ही हैं कि मैं कितना बूढ़ा हो चुका हूं. रोनाल्डो ने आगे कहा कि मैं अपने करियर में अब अंत के करीब हूं, लेकिन अब अपने बचे हुए करियर के हर पल का आनंद लेना चाहता हूं.

# बीसीसीआई ने बदले दो टेस्ट मैचों के वेन्यू



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से हो रही है। इस सीरीज के खत्म होने के बाद टीम इंडिया बांग्लादेश दौरे पर जाएगी उसके बाद एशिया कप का आयोजन होना है। अक्टूबर 2025 से भारत के होम सीजन की शुरुआत होगी। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज जैसी टीमें भारत का दौरा करेगी।

इन सभी मैचों के लिए बीसीसीआई ने काफी पहले शेड्यूल का ऐलान कर दिया था। लेकिन अब बोर्ड ने कुछ मैचों के वेन्यू में बदलाव किए हैं। दरअसल क्चष्टष्ठ ने वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले एक- एक टेस्ट मैच के वेन्यू में बदलाव किया है।

भारतीय टीम वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट मैच, वनडे और टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की शुरुआत 2 अक्टूबर 2025 को अहमदाबाद में होगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट, जो कोलकाता में होना था, वह अब नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

इस बीच, 14 नवंबर, 2025 से शुरू होने वाला दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट नई दिल्ली में खेला जाना था वह अब कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एएसपी.....**

के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। वे रायपुर और महासमुंद में भी सेवायें दी थी। उनका परिवार रायपुर में ही रहता है। उन्होंने रायपुर से ही स्कूली शिक्षा प्राप्त की थी। वे पूर्व कांग्रेस पार्षद के भतीजे थे। वे छत्तीसगढ़ पुलिस के सबसे बहादुर जवानों में से एक थे, जिन्होंने मानपुर-मोहला और सुकमा जैसे वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दीं थी। सुकमा एएसपी गिरपूंजे इलाज के दौरान हुए वीरगति को प्राप्त। आईईडी ब्लास्ट में घायल टीआई का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि कोंटा-एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। घटना में घायल एसडीओपी भानुप्रताप चंद्राकर और टीआई सोनल ग्वाल बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किए गए हैं। उन्हें हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। घटना स्थल पर पुलिस के जवान मौजूद हैं। सर्चिंग जारी है। बताया जाता है कि दो सीआरपीएफ कैम्प के बीच यह घटना घटी। रायपुर एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह परिजनों से मिलने पहुंचे। एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे के वीरगति को प्राप्त होने की खबर के बाद उनके निवास पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए हैं। आकाश राव को गार्ड ऑफ ऑनर देने के बाद कल 10 जून को रायपुर के महादेवघाट श्मशान में अंतिम संस्कार किया जायेगा।

**सीएम विष्णुदेव साय ने शहीद एएसपी....**

पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपेरशन विवेकानंद सिन्हा ने भी शहीद श्री गिरपुंजे को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा के कोंटा में हुई नक्सल घटना के मद्देनजर अपना राजनांदगांव का प्रस्तावित दौरा स्थगित करते हुए मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की हाई लेवल बैठक में इस घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों से सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट के विषय में अधिकारियों से जानकारी ली और नक्सल ऑपरेशन्स की समीक्षा की। उन्होंने घायल जवानों को त्वरित रूप से समुचित इलाज उपलब्ध कराने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपेरशन विवेकानंद सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में घायल जवानों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने घायल जवानों से उनका हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने घायल जवानों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने चिकित्सकों को निर्देशित किया।

**खराब मौसम के कारण शुभांशु शुक्ला....**

अंजाम देना है. इनमें सात एक्सपेरिमेंट की प्लानिंग इसरो ने की है, जबकि पांच अन्य प्रयोग शामिल हैं, जिनमें शुभांशु शुक्ला नासा के ह्यूमन रिसर्च प्रोग्राम के हिस्से के रूप में शामिल होंगे. इसके अतिरिक्त, शुक्ला इसी प्रोग्राम के लिए नासा द्वारा आयोजित पांच कोलैबोरेटिव स्टडी में भी शामिल होंगे. यह मिशन 14 दिनों का होगा. एक्सिओम-4 के क्रू में भारत, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए प्रत्येक देश का पहला मिशन है. क्रू में पैगी व्हिट्सन, शुभांशु शुक्ला, स्लावोज उज़्नान्स्की-विस्निएव्स्की और टिबोर कापू शामिल हैं. ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भारतीय वायु सेना में एक पायलट हैं, जिन्हें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के ऐतिहासिक गगनयान मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक के रूप में चुना गया है.

मिशन गगनयान भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान होगी. पैगी व्हिट्सन अमेरिका की सबसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, जो अपने दूसरे कमर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन की कमान संभालेंगी. पोलैंड के स्लावोज उज़्नान्स्की-विस्निएव्स्की एक वैज्ञानिक और इंजीनियर हैं, जो एक्सिओम-4 में एक मिशन विशेषज्ञ के रूप में योगदान देंगे. हंगरी के मैकेनिकल इंजीनियर टिबोर कापू एक्सिओम-4 मिशन के लिए एक मिशन विशेषज्ञ हैं.

**ठाणे में बड़ा हादसाः मुंबई लोकल....**

है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिवा-मुंब्रा स्टेशन के बीच 8 यात्री लोकल ट्रेन से गिर गए, जिनमें से कुछ की जान चली गई। मैं दिवंगत यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। सीएम ने बताया कि घायलों का इलाज जारी है और स्थानीय प्रशासन तथा रेलवे विभाग राहत कार्य में जुटे हुए हैं। हादसे के असली कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

**आज कांग्रेस हाईकमान से मिलेंगे**

सिद्धारमैया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मोदी के सत्ता में आए हुए 11 साल हो गए हैं, लेकिन उनकी सरकार केवल प्रचार पर निर्भर है और सिर्फ दिखावा करती है। उन्होंने पूछा कि नोटबंदी से किसे फायदा हुआ? मोदी ने कहा था कि अच्छे दिन आएंगे, लेकिन क्या हुआ? उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ? उन्होंने किसानों की समस्याएं हल करने का भी वादा किया था, फिर किसानों ने साल भर क्यों प्रदर्शन किया? सिद्धारमैया ने कहा कि मोदी सरकार के ज्यादातर वादे पूरे नहीं हुए। उन्होंने मोदी सरकार पर झूठा प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया उन्हें अधिक प्रचार देती है। जब हमारी सरकार ने गारंटी योजनाएं शुरू कीं, तो भाजपा ने कहा कि यह लागू नहीं हो पाएंगी और राज्य दिवालिया हो जाएगा। लेकिन उन्होंने वही योजनाएं राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में अपनाईं।

सिद्धारमैया ने यह भी याद दिलाया कि जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने फीसदी कर वितरण की मांग की थी। लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने क्या किया? और आप (मीडिया) ने इसे उजागर नहीं किया। उन्होंने पूछा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक को 5,300 करोड़ रुपए देने का वादा किया था, क्या वह राशि मिली? 15वें वेतन आयोग ने राज्य के लिए 11,495 करोड़ रुपए की सिफारिश की थी, क्या वह दी गई? क्या यह कोई मामूली बात है?

**मैतेई नेताओं की गिरफ्तारी के बाद....**

महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, इसलिए आम लोग और राजनीतिक नेतृत्व दोनों ही शांति बहाल करने के लिए एकता, संयम और तत्काल दखल की मांग कर रहे हैं. पत्रकार और लेखक प्रदीप फंजौबम ने कहा कि राज्य में साढ़े तीन महीने से राष्ट्पति शासन लागू है. अभी भी इस पर कोई फैसला लेना जल्दबाजी होगी. लेकिन उससे पहले करीब दो साल तक हालात बेकाबू थे. राष्ट्पति शासन लागू होने के बाद से हिंसा का स्तर थोड़ा कम हो सकता है. लेकिन सिर्फ़ इसका मतलब शांति नहीं है. हिंसा का न होना सामान्य स्थिति में वापसी के बराबर नहीं हो सकता, खासकर तब जब थोड़े से भी उकसावे पर हिंसा फिर से शुरू हो सकती है. उन्होंने कहा कि इस संघर्ष से उपजी कड़वाहट को रातोरात मिटाया नहीं जा सकता. शांति वार्ता एक अच्छा संकेत है और यह उत्साहजनक है कि वो हो रही है.

लेकिन मुद्दे बहुत ही अस्थिर हैं और हमें एक दीर्घकालिक संवाद की ज़रूरत है जो सभी समुदायों को एक समझ पर ले जाए. शांति जल्दी नहीं आती, यह एक धीमी प्रक्रिया है और उम्मीद है कि यह लगातार जारी रहेगी. प्रदीप फंजौबम ने आगे कहा कि जहां तक लोकप्रिय सरकार के गठन की बात है, अभी इसका अनुमान लगाना मुश्किल है. इसके लिए सभी समुदायों की भागीदारी और सहमति की जरूरी होगी. कुकी विधायक, नागा विधायक, मैतेई विधायक और पंगल विधायक. हम किसी भी समुदाय की उपेक्षा नहीं कर सकते. अगर एक भी प्रमुख समूह को बाहर करके सरकार बनाई जाती है, तो इससे और भी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. वास्तव में, इस तरह के बहिष्कार से तनाव बढ़ सकता है. उन्होंने कहा कि केंद्र भी इस चिंता से अवगत है, जब तक इन शंकाओं को दूर नहीं किया जाता और उनका समाधान नहीं किया जाता, तब तक वास्तव में एक प्रतिनिधि सरकार का गठन मुश्किल बना रहेगा

# प्रशस्ति नहीं प्रशस्त भाव रखो

- दान अपनी शक्ति और क्षमता के अनुसार देना चाहिये
- संगठन में काम करने से एक और एक ग्यारह हो जाते हैं
- 105 आर्यिका आदर्श मति माता जी

डोंगरगढ़(दावा)। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में आज संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि 108 आचार्य श्री समय सागर महाराज जी के आशीर्वाद से एवं 105 आर्यिका रत्न आदर्श मति माता जी के ससंघ सानिध्य में एवं बाल ब्रह्मचारी नितिन भैया खुरई के मार्गदर्शन में मंदिर के शिखर पर चाबी लगायी गयी। यह शिखर बनाने का सौभाग्य श्री श्रीमंत सेठ विनोद जैन बिलासपुर कोयला परिवार को प्राप्त हुआ और यह चाबी लगाने का सौभाग्य भी इन्ही परिवार को प्राप्त हुआ।





प्रातः भगवान का अभिषेक, शांति धारा, पूजन आरती हुई तत्पश्चात आचार्य श्री 108 विद्यासागर समाधी स्थली में आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षाल किया गया एवं आचार्य श्री कि पूजन और आरती की गई। दोपहर 12.30 बजे भगवान के श्री यंत्र को ऊपर मंदिर में विराजमान कर संगीतमय पूजन की गयी एवं पाषाण की चाबी की शुद्धि की गयी और उसमें 105 आर्यिका रत्न आदर्श मति माता जी द्वारा केशर से स्वस्तिक बनाया गया और उपस्थित सभी भक्तों ने उस पर पुष्प क्षेपण किया। तत्पश्चात पाषाण कि चाबी को क्रेन से ऊपर शिखर पर स्थापित किया गया। 105 आर्यिका रत्न आदर्श मति माता जी ने कहा कि एक और एक मिलने से दो हो तो उसे गणित कहते हैं, एक और एक मिलने से ग्यारह हो तो उसे संगठन कहते हैं, एक और एक मिलने से एक हो जाये तो उसे प्रेम कहते हैं, एक और एक मिलने से विपरीत हो जाये तो उसे राजनीति कहते हैं, एक और एक मिलने से शुन्य हो जाये तो उसे परमात्मा कहते हैं।

संगठन से यदि संग हट जाये तो केवल ठन ही शेष रहता है और वहाँ केवल ठन-ठन ही होता है कार्य कुछ नहीं हो पाता है। संगठन से यदि ठन हट जाये तो संग शेष बचता है जिसका मतलब है कि यदि संग-संग कार्य किया जाये तो बड़े-बड़े कार्य भी टना-टन हो सकता है। चंद्रगिरी आचार्य श्री का प्रकल्प है और यह उन्ही के आशीर्वाद से बन रही है इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिये सर्वोपरि कमेटी, चंद्रगिरी कमेटी और विद्यायतन कमेटी संगठित रूप से कार्य करे और आचार्य श्री के समाधी स्मारक का कार्य भी अति भव्यता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करें। यहाँ के प्रत्येक पाषाण खंड को आचार्य श्री ने स्वयं देखा है और उनकी ऊर्जा से आज भी यह क्षेत्र अतिशयकारी है और यहाँ का कण-कण उनकी चरण रज से पवित्र और ऊर्जावान है। जैसा 108 आचार्य समय सागर महाराज जी कहते हैं वैसा करें। इस क्षेत्र के निर्माण के लिये यदि आपके पास अरबों-खरबों है, करोड़ों है, लाखों हैं, हजारों हैं, सैकड़ों है या एक रूपए भी है तो उसका कुछ अंश अपनी-अपनी शक्ति एवं क्षमता के अनुसार यहाँ अवश्य दान दें जिससे आपके आने वाली पीढ़ी जब इस क्षेत्र पर दर्शन करने आएगी तो उन्हें अपने पूर्वजों पर गर्व होगा कि जिन्होंने इतना विशाल और ऐतिहासिक मंदिर और तीर्थ क्षेत्र बनवाया है जिससे युगों-युगों तक जैन धर्म कि प्रभावना और समीचीनता बने रहेगी।

आचार्य श्री व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे। वे इस धरती पर मनुष्य के रूप में भगवान थे। उन्होंने कभी अपने नाम कि प्रशस्ति नहीं रखी बल्कि प्रशस्त भाव रखने की प्रेरणा दी। उक्त कार्य के लिए श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद जैन, महामंत्री निर्मल जैन, विनोद बडजात्या, सप्रेम जैन, चंद्रकांत जैन, पूनम जैन, निशांत जैन, निखिल जैन, सोपान जैन, दीपेश जैन, अमित जैन एवं समस्त ट्रस्टीगण ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। भारत के विभिन्न स्थानों से एवं राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर आदि जगह से आये भक्तों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दी। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गयी है।

# जंगलेशर में मानस संगोष्ठी का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। 8 जून 2025 दिन रविवार को तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लाक ईकाई राजनांदगांव के तत्वावधान में जगलेसर में मानस संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर एवं जनपद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर गांव के सरपंच देवल साहू जनपद प्रतिनिधि राकेश साहू सिघोलिया एवं तुलसी मानस प्रतिष्ठान राजनांदगांव के अध्यक्ष पोषण शुक्ला सत्यानंद दुबे सुभाष यादव तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लाक ईकाई पदाधिकारिय चिन्ताहरण पटेल राधे लाल यादव नंदकिशोर साव तोरण साहू दीलिप विश्वकर्मा लोक गायक विष्णु कश्याप महादेव हिरवानी अभ्यास यादव पुरषोत्तम मानिकपुरी वासुदेव साहू एवं अनुराग मानस परिवार जंगलेसर एवं सभी मानस मर्मज्ञ संगोष्ठी का लाभ लिए।

# नारी गरिमा को प्रतिष्ठा देने वाली कृति है, छत्तीसगढ़ की आत्मा

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दी साहित्य के द्विवेदी युगीन महान साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी को याद करने साहित्यिक संगोष्ठी एवं काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक आयोजन का विषय उनकी चर्चित कृति छत्तीसगढ़ की आत्मा पर रखा गया था।



कवि/साहित्यकारों ने मूर्धन्य बख्शी जी को शिद्दत से किया याद

बख्शी जी के पौत्र के प्रभात बख्शी 'चंद्र' वार्ड पार्षद डूरेंद्र साहू,व कालोनी अध्यक्ष नरेश साहू की उपस्थिति में आयोजित साहित्यिक संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन हास्य-व्यंग्य के कवि पद्य लोचन शर्मा 'मुंहफट' ने किया। दिग्विजय कालेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने इस पर कहा कि द्विवेदी युगीन चर्चित पत्रिका सरस्वती के संपादक बख्शी जी महान साहित्यकार थे। बड़े- बड़े साहित्यकार उस पत्रिका में प्रकाशित होने के लिए तरसते थे। नहीं छप पाने की स्थिति में कवि सुमित्रानंदन पंत जैसे राष्ट्रीय कवि उनसे मिलने दिग्विजय कालेज तक दौड़े चले आते थे।

### छत्तीसगढ़ की आत्मा है 'कारी'

वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा अमात्य ने कहा कि कथा सम्राट मुंशी में प्रेमचंद की तरह श्री बख्शी जी ने अपनी कृतियों में नारी गरिमा को प्रतिष्ठा दी है। उन्होंने कहा कि वहीं रचना प्रतिष्ठा और प्रसिद्धि पाती है जिस पर फिल्म बने, नाटक का मंचन हो।

प्रेमचंद की गोदान की तरह बख्शी जी की झलमला व छत्तीसगढ़ की आत्मा का मंचन हुआ है। रंगकर्मी रामचंद्र देशमुख जी ने इस पर सुप्रसिद्ध नाटक 'कारी' का मंचन किया है। जिसमें यहां की एक कुप्रथा को उजागर करते हुए ममतामयी नारी के उज्जवल पक्ष बेहतरीन ढंग से को उभारा गया है।

वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू ने बख्शी जी के व्यक्तित्व के अनेक पहलुओं को छुआ और उनकी कृतियों का उदाहरण देते हुए उन्हें को आदर्शवाद व यथार्थवाद का महान साहित्यकार बताया। प्रो. के.के. द्विवेदी ने बख्शी जी की शतदल,अश्रुजल व झलमला सहित उनके चर्चित निबंध क्या लिखूं का जिक्र किया। मुख्य अतिथि प्रभात बख्शी ने अपने दादा जी द्वारा उन्हें शतदल कविता पढ़ने देने की बात बताई और कहा कि वे अपने छात्रावस्था से ही दादा जी की रचनाओ को पढ़ता था। इस दौरान डॉ चंद्र शेखर शर्मा सहित अन्य कवि/साहित्यकारों ने बख्शी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा कर हिंदी जगत में उनके साहित्यिक योगदान को वरेण्यीय बताया।

### काव्यायोजन में आपरेशन सिंदूर की रही गूंज

कार्यक्रम के काव्य सत्र में हास्य-व्यंग्य के कवि वीरेंद्र तिवारी वीरु ने मां सरस्वती की वंदना कर पाकिस्तान को जमकर गरियाते हुए कहा- सरहद पर दुश्मन सिर उठाए तो मिटा कर खाक कर देगी सिंदूर वाली,। इसी तरह कवयित्री सुषमा शुक्ला 'अंशुमन' ने मुंड माला पहन रण चंडी बन जाती है नारी, सिंदूर को लजाना छोड़ दें, गाकर नारी के रण चंडी रुप को दिखाया। कवि/कथाकार मानसिंह मौलिक ने आपरेशन सिंदूर को बदला अभी अधूरा है कहकर भारतीय सेना की जोश और जज्बे का गुनगान किया। ओमप्रकाश 'अंकुर' ने देख रे; पाकिस्तान भारत का आपरेशन सिंदूर , कहा, वहीं लखन लाल 'लहर' ने आषाढ़ आगे का गान किया। इसी तरह कवि मुंहफट ने, बादर देवता दे के नेवता सब झन ला, पानी परसे,, गाकर वाह-वाही पाई। कवि अनुराग सक्सेना व राजकुमार चौधरी ने गजल सुनाकर माहौल में छाए रहे। वहीं ओजस्वी कवि शैलेष गुप्ता ने चुटकी भर सिंदूर, चेहरे का नूर बढ़ा देती है कहा वही महेंद्र बघेल 'मधु' महावर, चूड़ी, कुंकुम, बिदीं की बात कहते हुए नारी को नारायणी बताया। शंकर मुनि राय ने पत्नी चालीसा सुनाकर लोगों की तालियां बटोरी वहीं बख्शी जी के पौत्र प्रभात बख्शी ने कवि! तू युग की राह मोड़ दे... रस अलंकार, छंद, अनुप्रास गान का राग छोड़ दें की काव्य पंक्तियां पढ़कर माहौल को तरन्नुम मय बनाया।

# किसानों को मिल रही नवीन कृषि तकनीक की जानकारी, 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' जारी

खैरागढ़ (दावा)। खरीफ की बुवाई से पहले किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक और उन्नत बीजों की जानकारी देने के उद्देश्य से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान÷ 29 मई 2025 से जिले में जोर-शोर से जारी है। कृषि वैज्ञानिक और विभागीय अधिकारी गांवों में शिविर लगाकर किसानों को नई तकनीकों और प्रदर्शनों के माध्यम से महत्वपूर्ण कृषि जानकारी दे रहे हैं। साथ ही, उन्हें विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है।



अभियान के तहत, तीन दल प्रतिदिन छह ग्राम पंचायतों का दौरा कर किसानों के साथ कृषि संबंधी मुद्दों पर गहन चर्चा कर रहे हैं। आठवें दिन, विकासखंड छुईखदान के ढाबा, खौडा और विकासखंड खैरागढ़ के सलौनी, रेगाकठेरा, मुहडबरी एवं गुमानपुर गांवों में किसानों को धान की उन्नत खेती, दलहन-तिलहन फसलों की बेहतर विधियों, मृदा परीक्षण, जैविक खेती, जैविक कीटनाशक बनाने के तरीके और अन्य कृषि समसामयिक विषयों से अवगत कराया गया।

इस वर्ष डी.ए.पी. उर्वरक की संभावित कमी को देखते हुए, किसानों को 12.32.16, एस.एस.पी. और 20.20.0.13 जैसे वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जा रही है। उद्यानिकी विभाग द्वारा केला, पपीता, आम, अमरूद और सब्जी वर्गीय फसलों से आय बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान के लाभों से किसानों को अवगत कराया जा रहा है, जबकि मछली पालन विभाग तालाबों से मछली उत्पादन कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने और केज कल्चर जैसी नवीन तकनीकों की जानकारी दे रहा है। अभियान के दौरान गांवों में कृषि प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें विजेता किसानों को पुरस्कृत किया जा रहा है। कृषि रथ गांवों में भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रसारित कर रहा है। ग्राम मंदराकुही में ड्रोन दीदी द्वारा कृषि ड्रोन का प्रदर्शन कर खेती में इसकी उपयोगिता बताई गई। यह अभियान 13 जून तक जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में जारी रहेगा, जहाँ कृषि वैज्ञानिक और विभागीय दल किसानों से चर्चा-परिचर्चा करेंगे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने दिया शिक्षा के क्षेत्र में नई सौगात

राजनांदगाव (दावा)। जिले मे सन 1998 मे कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना की गयी शुरूआती वर्ष में 30 विधार्थियो के साथ मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स के साथ महाविद्यालय का संचालन तहसील कार्यालय मे स्थित भवन में संचलित हो रहा था डॉ. रमन जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान सन 2007 में ही महाविद्यालय को दो नए ब्रांच इलेक्ट्रॉनिक एंड टेलीकम्युनिकेशन व कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग कोर्स प्रारम्भ किये थे साथ ही कन्याओ के बेहतर उच्च शिक्षा व शैक्षणिक वातावरण के लिए डॉ.साहब ने पेण्ड्री मे महाविद्यालय को 12 एकड़ परिसर में सर्व सुविधा युक्त भवन, कंप्यूटर लैब छात्रावास ऑफिस स्टाफ क्वार्टर्स की बेहतर सुविधाएं प्रदान किये थे।



- महापौर मधुसूदन यादव के विशेष प्रयास व छात्र युवा मंच की मांग पर शासन से मिली अनुमति
- कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज मे अब होगा संचालित कंप्यूटर साइंस, आई टी व सह शिक्षा की कक्षाएं

सह शिक्षा व कंप्यूटर बेसिक कोर्स ना होने से घट रही थी महाविद्यालय की दर्ज संख्या, नए कोर्स व सह शिक्षा महाविद्यालय के बनेगी संजीवनी छात्र युवा मंच के प्रदेश सयोंजक नागेश यदु रक्तवीर ने बताया की महाविद्यालय की जानकारी के अनुसार महाविद्यालय मे सर्व सुविधा व पर्याप्त शैक्षणिक स्टॉफ होने के बावजूद विधार्थियो की दर्ज संख्या प्रतिवर्ष कम हो रही हैं महाविद्यालय में तीन वर्षीय तीन कोर्स संचालित हो रहें हैं जिसमे 30, 30 व 20 सीट आरक्षित हैं इस आधार पर विधार्थियो की संख्या 240 होने चाहिए पर वर्तमान संचालित कोर्स में विधार्थियों की अरुचि से महाविद्यालय मे सिर्फ 50-60 विधार्थी अध्ययनरत हैं, महाविद्यालय में विधार्थियो के गिरते दर्ज संख्या से भविष्य मे महाविद्यालय संचालन चिंतनीय था जिस पर विचार करते हुए छात्र युवा मंच संगठन ने फरवरी माह मे विधानसभा अध्यक्ष व महापौर जी को कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज मे सह शिक्षा व आई टी, कंप्यूटर बेसिक कोर्स खोलने की मांग किए थे विधार्थियो के हित को ध्यान पर रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. साहब ने त्वरित कार्यवाही करते हुए शासन को दिशा निर्देशित किये इस महत्वपूर्ण सौगात में महापौर मधुसूदन यादव का विशेष प्रयास रहा जिसके फल स्वरूप महाविद्यालय मे सह शिक्षा व आई टी, कंप्यूटर साइंस की कक्षाएं खुलने की मान्यता शासन के पत्र क्रमांक 2023 बी 620/ 1556 दिनांक 13 मई 2025 को प्राप्त हुआ, राजनांदगांव जिले को शिक्षा क्षेत्र में नई सौगात देने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव को छात्र युवा मंच परिवार, महाविद्यालय समस्त विधार्थी गण व समस्त शहरवासी ने आभार व्यक्त किया।

# विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु गाँव के पालकों से संपर्क अभियान



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलईरवार के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने ग्राम तिलईरवार, खम्हेरा, गाताटोला के पालको से विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु संपर्क अभियान में जुटे हुए है। क्योंकि 16 जून से विद्यालय प्रारंभ होने जा रहा है अतः पालकों से संपर्क कर बच्चों की आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र, ऑनलाईन से सत्यापित, साथ ही सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो यह सभी दस्तावेज विद्यालय खुलने के पूर्व ही बनवाकर सुनिश्चित कर लेने की जानकारी दिया गया साथ ही साथ अपना-अपना स्कूल यूनिफार्म, कॉपी, स्कूल बैग आदि की तैयारी भी सुनिश्चित कर लेने की जानकारी दिया गया। पालकों से यह भी निवेदन किया गया की कोई भी बच्चें स्कूल आने से न छुटे।

# पर्यावरण बचाओ के लिए एक पहल



सूरज गुप्ता एवं खुशबू के विवाह अवसर पर सोहनलाल गुप्ता परिवार की एक पहल 'स्वयं के लिए पेड़ लगाए जीवन बचाएं'

राजनांदगांव विश्व पर्यावरण दिवस विवाह पर आगंतुक अतिथियों को रिटर्न उपहार में 500 सीड बा ल एवं 100 पौधों का वितरण पर्यावरण रक्षा के लिए निःशुल्क वितरित किया गया। संस्कारधानी राजनांदगांव में सोहनलाल गुप्ता परिवार द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पहल की गई।

सोहनलाल गुप्ता के छोटे सुपुत्र सूरज गुप्ता एवं खुशबू के विवाह उपलक्ष्य में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए गुप्ता परिवार जनों ने पहल की इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हरा भरा रखना है गुप्ता परिवार के द्वारा आगंतुक पधारे अतिथियों को रिटर्न उपहार में पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए 500 निःशुल्क बीज युक्त सीड बॉल एवं 100 पौधे रिटर्न उपहार के रूप में प्रदान प्रदान किए गए जिसमें अनेक प्रकार के बीज युक्त सीड बॉल फलदार जामुन, इमली, आम, आंवला, अमरूद, चीकू, पपीता, व अनेक प्रकार के पौधे फूलदार, फलदार रिटर्न उपहार स्वरूप आगंतुक पधारे अतिथियों को भेंट किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य एक पेड़ स्वयं के लिए अवश्य लगावे एवं स्वयं का जीवन बचाएं हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत अधिक महत्व है पेड़ों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रकृति को हरा भरा रखना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है आईए आप और हम सब मिलकर स्वयं के लिए एक पेड़ लगाए और जीवन बचाएं। उपरोक्त जानकारी जिला पर्यावरण सहसंयोजक सूरज गुप्ता के द्वारा दी गई।

# पर्यावरण प्रदुषण का प्रमुख कारक प्लास्टिक

प्लास्टिक पर निर्भरता मानव जीवन के मृत्यु का कारण

राजनंदगांव (दावा)। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पूर्व विश्राम गृह के सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय थीम प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर विचार गोष्ठी शहर के बुद्धिजीवियों एवं प्रबुद्ध जनों की गरिमा में उपस्थित में संपन्न हुआ जिला संयोजक राजकुमार शर्मा ने उक्त परिचर्चा को पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थित जनों का स्वागत किया



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पर्यावरण विद् डॉ ओंकार लाल श्रीवास्तव ने विश्व पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इस वर्ष के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहां कि प्लास्टिक से मानव जीवन पर गहरा संकट उत्पन्न हुआ है प्लास्टिक का उपयोग बहुत बड़े रूप में मानव समाज कर रहा है जिससे पर्यावरण असंतुलित हुआ है हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए इस अवसर पर प्रोफेसर के के द्विवेदी ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 42 लाख लोगों की मृत्यु प्लास्टिक के दुष्परिणामों के कारण होती है।

प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक बन चुका है मानव जीवन में प्लास्टिक आधुनिकीकरण के दौर में इस तरह समाविष्ट हुआ है की जिससे निजात पाना एक बड़ी चुनौती है। नांदगांव टाइम्स के संपादक अशोक पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार एक और प्लास्टिक को प्रतिबंधित करती है और जुर्माना वसूल करती है वहीं दूसरी ओर सरकार प्लास्टिक निर्माण के लिए कारखनो को अनुमति भी देती है। इस प्रकार शासन का दोहरा चरित्र पर्यावरण के लिए घातक बन चुका है।

सरकार को पूर्ण रूप से प्लास्टिक को पर्यावरण व जनमानस के हित में प्रतिबंधित कर देना चाहिए आयकर अधिवक्ता एजाज सिद्दीकी ने कहा कि केरल के एक अनुसंधान केंद्र से यह बात सामने आई है कि प्लास्टिक बोतल के पानी से कैंसर जैसी घातक बीमारी होने की प्रबल संभावना बनी रहती है हमें सुरक्षित रखने के लिए हमें विकल्पों की तलाश करनी चाहिए व्यंग्यकर एवं आलोचक गिरीश ठक्कर ने प्लास्टिक डिब्बा बंद खाद्य सामग्री में प्रयुक्त होने वाले नाइट्रोजन गैस एवं प्लास्टिक के प्रभाव को जनजीवन के लिए घातक बताया और प्लास्टिक को लेकर सरकार छदम रूप से जनता के साथ छल कर रही है।

राष्ट्रीय सदस्य अमलेंदु हाजरा ने कहा कि मनुष्य अपने आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचा है विश्व की बढ़ती जनसंख्या उपभोक्तावाद पूंजीवाद और आतंकवाद प्रकृति के सबसे बड़े विनाश के कारण है हमें प्रतिदिन पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कुछ न कुछ सकारात्मक कार्य अवश्य करना चाहिए।

इस अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे पर्यावरण विद डॉक्टर ओंकार लाल श्रीवास्तव एवं सौरभ खंडेलवाल को सम्मानित भी किया गया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की गई युवा इंजीनियर व अधिवक्ता सौरभ शुक्ला ने बिजली के निर्माण पर होने वाले पानी के अपव्यय एवं विद्युत के दुरुपयोग को भी पर्यावरण के लिए घातक बताया प्रदीप शर्मा ने पर्यावरण संतुलन के लिए लोगों को जागरूक होकर संरक्षण हेतु कार्य के लिए सुझाव भी दिए कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश इंदु भूषण ठाकुर द्वारा किया गया साथ ही उनके द्वारा पर्यावरण संबंधी रचित कविताओं का पठन भी किया गया शैलेंद्र तिवारी ने उपस्थित जनों का स्वदेशी मंच की ओर से आभार व्यक्त किया इस अवसर पर श्रीमती गीता शुक्ला श्रीमती लक्ष्मी तिवारी अजय कोटडिया भारत मांडवी अशोक साहू निखिल मंगवानी लुमन साहू जीवन देवांगन उपस्थित रहे उक्त जानकारी राजकुमार शर्मा स्वदेशी जागरण मंच द्वारा दी गई।

# गोडलवाही में निकाली गई भव्य शोभा कलश यात्रा



जिला पंचायत सभापति गोपाल सिंह भूआर्य शामिल हुए

राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोडलवाही में देश की स्वतन्त्रता के लिए अपने प्राणो की आहुति देने वाले महान जनजातीय नेता व जननायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर ग्राम गोडलवाही के शीतला मंदिर से भव्य शोभा कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओ एवं बलिकाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर गली भ्रमण के लिए निकाली गई।

माँ शीतला मंदिर मे सर्व प्रथम बैगा ने पूजा अर्चना किया ततपश्चात् जिला पंचायत सभापति गोपाल सिंह भुआर्य ने पूजा अर्चना किया और उन्होंने मां शीतला से ग्रामवासियों सहित क्षेत्रवासियो की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की। शीतला मंदिर से शोभा कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई गली भ्रमण किया। जिसमें गांव की महिलाओं, पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# आईईडी ब्लास्ट में एएसपी शहीद : सीएम साय ने दी श्रद्धांजलि, बोले- नक्सलियों को भुगतना होगा इसका परिणाम

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आईईडी ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे शहीद हो गए। वहीं एसडीओपी, टीआई घायल हैं। इस पर सीएम विष्णुदेव साय ने गहरा शोक जताते हुए कहा कि, यह अत्यंत ही दुखद है और मैं उनकी शहादत को नमन करता हूँ। इस कायराना हमले में कुछ अन्य अधिकारी एवं जवानों के भी घायल होने की सूचना मिली है। घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए गए हैं।



उन्होंने आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा एक बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है। जिसमें सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। इसी से बौखलाकर नक्सली इस तरह की कायराना करतूतों को अंजाम दे रहे हैं। नक्सलियों को इसका परिणाम भुगतना होगा। अब ज्यादा दूर नहीं, जब छत्तीसगढ़ से इनका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया जाएगा। राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है।

**बहादुर अफसर थे गिरपुंजे, उनका शहीद होना बड़ी क्षति- गृहमंत्री शर्मा**

इस घटना पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी शहीद एसपी आकाश राव को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि, एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे बहुत ही बहादुर अधिकारी थे। विभिन्न स्थानों पर काम करते हुए उन्हें गैलंट्री अवॉर्ड मिला था। उनका शहीद होना हम सबके लिए बड़ा दुख का विषय है। सर्चिंग अनवरत जारी है। यह घटना कायराना हरकत है, ऑपरेशन एक भी क्षण रुकेगा नहीं। जवानों की भुजाओं में बहुत ताकत है।

# 'पीएम मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता' : सीएम साय और डॉ. रमन बोले - 140 करोड़ भारतवासियों का किया कल्याण



रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर हर्ष जताया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर हर्ष जताया है। सीएम साय इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं, उनका 11 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। उन्होंने 11 वर्षों में पूरे विश्व में अपने देश का मान और सम्मान बढ़ाया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' का नारा देते हुए उन्होंने 140 करोड़ भारतवासियों के हर वर्ग का कल्याण किया है। इन 11 वर्षों के कार्यकाल में हमारा देश बहुत आगे बढ़ा है।

वहीं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 'यह देश और हमारे लिए बहुत हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल के बाद यह तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष आज पूरा हो रहा है। 11 साल की इस यात्रा में भारत एक नई दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है और विकास के नए आयाम छू रहा है।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने जिले में 8वीं बार की जन सुनवाई

## अध्यक्ष किरणमयी नायक द्वारा 15 मामलों में 13 मामले का किया गया नस्तीबद्ध

राजनांदगांव (दावा)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरण मयी नायक का सोमवार 9 जून को शहर में 8वीं बार जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि विगत 5 वर्षों का उनका कार्यकाल बड़ा ही शानदार रहा। प्रदेश भर में उन्होंने 131 जन सुनवाई की है, उनके साथ पहुंची दुर्ग जिले की प्रभारी व बस्तर क्षेत्र की श्रीमती ओजस्वी मंडावी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में श्रीमती नायक ने बताया कि वे राजनांदगांव जिले में 8वीं जन सुनवाई कर रही है। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया कि आयोग के समक्ष गुहार लगाने वाले दोनों पक्षों का एक्जामिन करवाया गया और सुनवाई के बाद समझाईश व सुलह के लिए वातावरण निर्मित किए गए। श्रीमती नायक ने मियां-बीबी के झगड़े, दूसरा विवाह किए जाने, दहेज मामले, क्रिश्चियन धर्म अपनाने के बाद घर परिवार वालों से बंटवारा लेने, वृद्धा महिला द्वारा अपनी पुत्री के खिलाफ शिकायत आदि मामले का जिक्र किया और बताया कि पूरे देश भर में केवल छत्तीसगढ़ में ही जन सुनवाई का कार्यक्रम लागू है जिससें पीड़ित जन को राहत मिलती है। साथ ही उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष के लोगो के आने से मामले का जल्द निराकरण करने में सहूलियत होती है। वहीं किसी एक पक्ष के नहीं आने पर मामला साल्व नहीं हो पाता। मामले को नस्तीबद्ध कर दिया जाता है। उन्होंने विवाहित महिला के स्त्री धन व दहेज के संबंध में सविस्तार बातें बताई तथा सखी वन-स्टाप के कार्य के संबंध में बताया की उक्त सेंटर पीड़ित महिला के आश्रय स्थल के रुप में काम आता है।



# सांसद संतोष पाडे ने अंडर ब्रिज निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे ने आज गौरीनगर में हो रहे अंडर ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

सांसद संतोष पांडे ने कहा कि गौरी नगर राजनांदगांव रहवासियो के लंबे समय से कर रहे मांग और अति संघर्ष को विराम लगेगी, अंडरब्रिज के निर्माण पूर्ण हो जाने से गौरीनगर के रहवासियों को सुविधा उपलब्ध होगी।

# बिजली कंपनी के कार्यो का ग्लोबल टेंडर बंद करने हेतु ठेकेदारों ने सांसद को ज्ञापन सौंपा

राजनांदगांव (दावा) विद्युत ठेकेदार कल्याण संघ द्वारा छग विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों को पैकेज (ग्लोबल) में न करने हेतु सांसद संतोष पाण्डे को ज्ञापन सौंपा गया। इस पर तत्काल ही सांसद श्री पांडे ने विद्युत मंडल के प्रबंध संचालक से दूरभाष पर चर्चा कर निराकरण का मार्ग प्रशस्त किया।



**सांसद ने प्रबंध संचालक विद्युत मंडल से दूरभाष पर चर्चा कर किया निराकरण**

ठेकेदारों द्वारा सांसद को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि विद्युत कंपनी के समस्त ठेकेदार विषम परिस्थितियों में कंपनी के साथ मिलकर हर छोटे-बड़े कार्यों को समय सीमा में पूरा करते देते हैं। लेकिन विद्युत वितरण कंपनी विभाग में उन्हें काफी परेशानी महसूस हो रही है। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा आरडीएसएस योजना छत्तीसगढ़ राज्य के ग्लोबल टेंडर से लगभग सारे कार्य स्थानीय ठेकेदारों से छीनते जा रहा है। कंपनी द्वारा बड़े व छोटे कार्यों को पैकेज के माध्यम से किस बड़ी कंपनी को दिया जा रहा है। निविदा में स्थानीय ठेकेदारों को विशेष छूट की कमी है। वहीं बजट का अभाव भी बना रहता है। ठेकेदारों ने कहा है कि कंपनी पैकेज के कार्य को पेंटी कांट्रेक्टर के रुप में पूर्ण कराते हैं, जिससे संपूर्ण कार्य को पैकेज में देने का अर्थ नहीं होता। ठेकेदार संघ के अध्यक्ष शशांक दास ने बताया कि पिछले शासनकाल में आरडीएसएस योजना में पैकेज द्वारा जो कार्य दिया गया है, उसमें से 20 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है। अतः उक्त योजना के कार्य को स्थानीय ठेकेदारों के माध्यम से ही कराया जाए, जिससे कंपनी का कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके और ठेकेदारों का रोज़गार भी सुचारू रूप से चलता रहे। साथ ही ठेकदारों ने फंड की कमी की भी चर्चा की जिस पर सांसद ने राज्य शासन से जल्द ठेकेदारों के बिलों का भुगतान कराने का आश्वासन दिया।

सांसद श्री पांडेय ने ठेकेदारों की बातों को ध्यान से सुनते हुए तत्काल प्रबंध संचालक विद्युत मंडल से चर्चा कर मामले का निराकरण किया। इससे ठेकेदारों में खुशी देखी जा रही है। ज्ञापन सौंपने वाले संघ के अध्यक्ष शशांक दास, सचिव सुनील रामटेके, सुभाष दास, अंकित सोनी, हिमांशु रायचा आदि ठेकेदारों ने सांसद का धन्यवाद ज्ञापन किया है।

# अंबागढ़ चौकी के समीप मालडोंगरी में बिजली गिरने से दो बच्चों की मौत

**अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत खुर्सीपार के आश्रित ग्राम मालडोंगरी में बिजली गिरने की एक दुखद घटना में दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में एक 13 वर्षीय बालक संदीप नेताम, पिता रुस्तम नेताम और 14 वर्षीय बालिका सारिका कुंजाम, पिता रामकुमार कुंजाम शामिल हैं। दोनों बच्चे मालडोंगरी के निवासी थे।**




घटना उस समय हुई जब दोनों बच्चे गांव के अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। अचानक मौसम बदला और तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी। बारिश से बचने के प्रयास में बच्चे इधर-उधर भागने लगे, तभी बिजली गिरने से संदीप और सारिका इसकी चपेट में आ गए। हादसे में दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद दोनों बच्चों को अंबागढ़ चौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उन्हें चिकित्सकों द्वारा जांच उपरान्त मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि, अन्य बच्चे सुरक्षित हैं और घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय प्रशासन को इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

# पर्यावरण दिवस पर आदि श्री सनातन सेवा संघ द्वारा किया गया पौधारोपण



राजनांदगांव (दावा)। आदि श्री सनातन सेवा संघ द्वारा 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया एवं पौधों को सुरक्षित रखने के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष-नेमचंद साहू, उपाध्यक्ष- श्रीमती गंगोत्री यदु, सचिव - श्रीमती स्वाति सेंद्रे, सह सचिव - प्रवेश रनसुर, कोषा अध्यक्ष - श्रीमती स्वाति रगड़े संगठन के सदस्य योगेश यदु, बिंदिया सिंह, कोनाली नंदनवार, रूखमणी राव, एवं संयोजक राजेश रजक उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के चौथे दिन का पहला मैच राजनांदगांव पैंथर्स ने जीता

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के द्वितीय संस्करण का आयोजन 06 जून से 15 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। आज का पहला मैच रायपुर रायनोज तथा राजनांदगांव पैंथर्स के मध्य खेला गया। रायपुर रायनोज ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया।



**संजित देसाई बने प्लेयर ऑफ द मैच**

राजनांदगांव पैंथर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 168 रन बनाये। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से संजित देसाई ने 39 गेंदों में 59 रनों की पारी खेलीं। उनके अतिरिक्त राहुल नायक ने 34 रनों का योगदान दिया। रायपुर रायनोज की ओर से अमित कुमार यादव, मयंक यादव तथा वैभव साहु ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर रायनोज 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 147 रन ही बना पायी। रायपुर रायनोंस की ओर से अमित कुमार यादव ने 60 रन तथा कप्तान अमनदीप खरे ने 43 रनों की पारी से अपनी टीम को अच्छी शुरुवात दिलाई। परंतु उनके बाद कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल पाया। राजनांदगांव पैथर्स की ओर से ऐश्वर्य मार्या ने 2 विकेट प्राप्त किये।

राजनांदगांव पैंथर्स ने मैच 21 रनों से जीत लिया। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच संजित देसाई बने, मोस्ट सिक्सेस संजित देसाई, ऑरेंज कैप अमनदिप सिंह और पर्पल कैप मयंक यादव। राजनांदगांव पैंथर्स की टीम अंक तालिका में सबसे ऊपर अपना स्थान बनाए हुए है।

# रोजगार गारंटी के कार्य में नियम विरुद्ध कार्य कराने वालों पर जांच उपरांत होगी कार्यवाही

## जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद सीईओ को 7 दिवस के भीतर जांच पूर्ण करने का दिया गया निर्देश

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम पंचायत बोरतलाव के बैगाटोला स्थित तालाब गहरीकरण के कार्य में रोजगार गारंटी में कार्य करने वाले मजदूरों ने खुले रूप से स्वीकार किया है कि उन्होंने अपनी सुविधा का ध्यान रखते हुए जेसीबी मशीन का उपयोग किया है। इस अवैधानिक कार्य के लिए ग्राम पंचायत की कार्य एजेंसी एवं जनपद के अधिकारी व कर्मचारियों ने भी अपनी मौन सहमति दी थी। जिसकी शिकायत जिला प्रशासन को की गई।

वहीं दूसरी ओर सरपंच द्वारा एग्रीमेंट नहीं करने की बात सामने आने पर जनपद के आला अधिकारियों के समक्ष विचित्र स्थिति निर्मित हो गई है।



जिसे संज्ञान ने लेकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी 2005 अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले निर्माण एजेंसी व जिम्मेदार अधिकारी तथा कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर जिला प्रशासन एक्शन मोड पर आ गया है। ग्राम पंचायत बोरतालाब के बैगटोला में रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य में रोजगार सहायक, निर्माण एजेंसी, सचिव एवं तकनीकी सहायक तथा मजदुरों के साथ मिलकर जेसीबी मशीन का उपयोग कर कार्य कराये जाने संबंधी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सीईओ को पत्र लिखकर साथ दिवस के भीतर जांच पूर्ण कर जांच प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी मामले में गांजे के खरीददार को मध्यप्रदेश से किया गया गिरफ्तार

## पूर्व में जप्त कुल 243.54 किलोग्राम गांजे के खरीददार फरार आरोपी काल बहादुर को मध्यप्रदेश के सागर से किया गया गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। अंर्तराज्यीय गांजा तस्करी मामले में गांजे के खरीददार को पुलिस ने सागर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया। गांजा तस्करी मामले में राजनांदगांव पुलिस ने इंड-टु-इंड बडी कार्यवाही की।ए.एन.टी.एफ. (एनटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स )/ सायबर सेल राजनांदगाव द्वारा कार्यवाही की गई। पूर्व में जप्त कुल 243.54 किलोग्राम गांजे के खरीददार फरार आरोपी काल बहादुर को मध्यप्रदेश के सागर से गिरफ्तार किया गया। पूर्व में थाना बोरतलाव क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 30 मार्च 2025 को दो आरोपियों के संयुक्त कब्जे से कुल 243.54 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा व परिवहन में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पिकअप एवं 4 नग मोबाईल फोन कुल कीमती 41,64,100 रूपये को सायबर सेल व थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा जप्त किया गया था। आरोपियों द्वारा बोलेरो पीकअप के पीछे ट्राली में खाली सब्जी कैरेट के नीचे गांजा छुपाकर तस्करी किया जा रहा था। ओडीसा से भारी मात्रा में गांजे के खेप को छत्तीसगढ़ के तस्करों के द्वारा खरीददार आरोपियों के पास सागर मध्यप्रदेश की ओर परिवहन कर तस्करी किया जा रहा था। प्रकरण में गांजा की खरीदी-बिक्री एवं परिवहन में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध इंड-टु-इंड कार्यवाही आगे भी जारी रखने की बात पुलिस अधिकारियों द्वारा कही गई है।पकड़े गए आरोपी में काले बहादुर सोनी आ. स्व. खड़क बहादुर सोनी उम्र 34 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड लोकप्रिय अस्पताल



के पीछे सागर थाना गोपाल गंज जिला सागर शामिल है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर पूरे जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में ए.एन.टी.एफ./सायबर सेल राजनांदगाव प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में सायबर सेल की टीम एवं थाना प्रभारी बोरतलाव निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं थाना स्टाफ की संयुक्त टीम गठित कर दिनांक 30 मार्च 2025 को थाना बोरतलाव क्षेत्र के बिरे पुलिया चांद-सूरज मेन रोड़ ग्राम बोरतलाव के पास नाकाबंदी कर वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10/बीक्यू-0634 के ट्राली में सब्जियों के कैरेट के नीचे छीपाकर कुल 243.54 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 36,53,100 रूपये परिवहन कर रहे आरोपी दिलावर अली एवं संतोष पाल को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों के संयुक्त कब्जे से कुल 243.54 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा व परिवहन में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 को को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध दिनांक 30.03.2025 को अपराध क्रमांक 11/2025 धारा 20(बी) (II) ग, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत् पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की दिशा-निर्देश पर इंड-टु-इुड कार्यवरही करते हुये ओडीसा से खरीदकर परिवहन किये जा रहे उक्त जप्त गांजा के एक खरीददार आरोपी काले बहादुर को सायबर सेल की टीम द्वारा सागर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। प्रकरण की विवेचना जारी है। उक्त प्रकरण में सायबर सेल राजनांदगांव से सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार सायबर सेल के सउनि सुमन कर्ष, आरक्षक अमित सोनी, जोगेश राठौर, जीवन ठाकुर, परिवेश वर्मा, हेमंत साहू, आदित्य सिंह की अहम भूमिका रही।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com